# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025


**वायुसेना के शौर्य प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी**

# राज्योत्सव पर वायुसेना का शौर्य प्रदर्शन, सेंध जलाशय के पास एक दर्जन विमान आसमान पर दिखाएंगे करतब

हरिभूमि न्यूज।रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ की रजत जयंती वर्ष में आयोजित होने वाले राज्योत्सव पर भारतीय वायु सेना का शौर्य प्रदर्शन होगा। सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम आसमान में आकर्षक करतब दिखायेगी। इस शौर्य प्रदर्शन में वायु सेना के हेलीकॉप्टर भी हिस्सा लेंगे। सूत्रों के अनुसार इस दौरान करीब एक दर्जन विमान आसमान में हवाई करतब दिखाएंगे। इस आयोजन के लिए वायु सेना के अधिकारियों-कर्मचारियों की एक बड़ी टीम यहां आएगी। इनके कार्यक्रम के लिए आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सर्वे के बाद स्थल का किया चयन

बताया गया है कि इस आयोजन की तैयारियों के लिए हुई बैठक के बाद राज्य प्राधिकरणों के सदस्यों और एएनटीएफ मुख्यालय के एक प्रतिनिधि सहित एक टीम द्वारा टोही सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण के दौरान, दो स्थल बाल्को मेडिकल सेंटर के पास खुला मैदान और सेंध झील प्रदर्शन के लिए ठीक ▶▶|शेष पेज 7 पर



### राज्योत्सव अब 5 दिनों का

राज्योत्सव पांच दिनों का होगा। 1 नवंबर से 5 नवंबर तक राज्योत्सव चलेगा। उदघाट्न में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे। समापन में उपराष्ट्रपति आएंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि राज्योत्सव को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इस बार उत्सव खास होगा। गौरतलब है, कि राज्योत्सव पहले तीन दिनों का तय किया जा रहा था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर पांच दिन कर दिया गया है।

ऐसी तैयारी

पीएम मोदी करेंगे राज्योत्सव का शुभारंभ, उपराष्ट्रपति करेंगे समापन

## राज्योत्सव प्रदेश में 5 और जिला स्तर पर 3 दिन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, रजत जयंती वर्ष में पीएम नरेंद्र मोदी



छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे। वे राज्य के नए विधानसभा भवन और ट्राइबल म्यूजियम का भी लोकार्पण करेंगे। राज्योत्सव का समापन उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन करेंगे। उन्होंने कहा, राज्योत्सव प्रदेश स्तर पर 5 और जिला स्तर पर 3 दिन का होगा। बालोद दौरे से लौटने पर संवाददाताओं से चर्चा में सीएम श्री साय ने पीएम मोदी को लेकर कहा, देश का सौभाग्य है कि हमें नरेंद्र मोदीजी जैसे प्रधानमंत्री मिले। पीएम 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार मानते हैं। 24 में से 18 घंटे काम करते हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री के बाद देश के प्रधानमंत्री बने। वे देश का मान बढ़ाए हैं। दुश्मनों को घर में घुसकर मारने वाले भारत का निर्माण आज नरेंद्र मोदीजी ने किया है।


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | =₹87577/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | =₹106960/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | =₹116757/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


नक्सल संगठन के माड़ डिविजन को माना जाता है सबसे मजबूत

# नक्सलियों का पूरा माड़ डिविजन करेगा सरेंडर, 15 अक्टूबर तक डालेंगे हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/ कांकेर

खास खबर

माड़ डिविजनल कमेटी के नक्सलियों के हथियार डालना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह वही माड़ डिविजन है, जो वरिष्ठ माओवादी नेताओं, पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति सदस्यों के लिए एक प्रमुख ठिकाने के रूप में प्रयुक्त होता रहा है। सुरक्षाबलों द्वारा लगातार चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन ऑपरेशन में मिल रही सफलता को देखते हुए नक्सली बैकफुट पर आ गए हैं। लगातार ऑपरेशन से एक ओर जहां नक्सली भयभीत है, वहीं दूसरी ओर नक्सल संगठन सदमे में नजर आ रहा है। नक्सलियों ने एक बार फिर प्रेस नोट जारी कर 15 अक्टूबर तक माड़ डिविजन में हथियार डालने का ऐलान किया है। लगातार बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जाने और लगातार सरेंडर से नक्सली भयभीत होकर सरकार से ऑपरेशन रोकने की मांग कर रहे है।

जारी प्रेसनोट में कहा कि हमारे पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड सोनू के नेतृत्व में लिए गए ▶▶|शेष पेज 7 पर

> नक्सल संगठन में सबसे मजबूत माने जाने वाले माड़ डिविजन के सचिव ने बयान जारी कर 15 अक्टूबर तक हथियार डालने का ऐलान किया है। माड़ डिविजन सचिव ने कहा कि पोलित ब्यूरो मेंबर सोनू के नेतृत्व में लिए गए सशस्त्र संघर्ष त्यागने के निर्णय को हमारी माड़ डिविजनल कमेटी समर्थन करती है।

### गलत निर्णयों के कारण कोशिशें रही विफल

जारी प्रेसनोट में माड़ डिविजनल सचिव सणीता ने लिखा कि कामरेड सोनू द्वारा उपलब्ध किये कैडर के लिए अपील और जनता के लिए अपीलों को हमने पढ़ा है। देश और दुनिया में बदलती परिस्थितियों को सही पहचान कर उसके मुताबिक क्रांतिकारी आंदोलन में जरूरी बदलाव करने में हमारे सीसी विफल रही। इसके परिणाम स्वरूप आंदोलन लगातार कमजोर होते आया। यही वजह है कि आंदोलन में जनता का सक्रिय भागीदारी भी कम हुई। आंदोलन को मजबूत करने व आगे बढ़ाने का कई मौके मिले, लेकिन हम इस्तेमाल नहीं कर सके। बदली हुई परिस्थितियों से मेल नहीं खाने वाले गलत निर्णयों के कारण हमारी कोशिशें विफल रहीं। इस स्थिति में सशस्त्र संघर्ष को त्याग कर सभी मित्र संगठनों से मिलकर जनता के बीच में काम करने का ▶▶|शेष पेज 7 पर

### लगातार ऑपरेशन से भयभीत नक्सली, सदमे में संगठन


केंद्रीय गृहमंत्री के ऐलान के बाद 9 माह में टॉप 10 सीसी व पोलित ब्यूरो मेंबर ढेर

इस तरह होगा नक्सलवाद का खात्मा...

7 करोड़ के ईनामी दस टॉप लीडर बच गए, उन पर फोकस

10 टॉप मोस्ट नक्सलियों में ये शामिल

### केन्द्र व राज्य सरकारों से ऑपरेशन रोकने की अपील

नक्सलियों ने आगे लिखा कि केन्द्र व राज्य सरकारों से हमारी अपील है कि डिविजनल कमेटी द्वारा लिये गये इस निर्णय को डिविजन में मौजूद पार्टी और जन निर्माणों के साथियों को समझाने की जरूरत है। लगातार जारी दमन अभियानों के बीच इस काम को पूरा नहीं कर सकेंगे। कम से कम समय में इसे हम पूरा करेंगे। हम जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं कि माड इलाके में कोई गैर- कानूनी गतिविधियां नहीं रहेंगी। इसके लिए कुछ समय के लिए पुलिस गश्त अभियानों को स्थगित करें। हम इस महीने की 15 तारीख से पहले इस काम को पूरा करेंगे।

### माड़ डिविजन नक्सल संख्या की बजाए नक्सलियों के शरणस्थली के लिए महत्वपूर्ण-आईजी

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि हाल ही में विभिन्न माओवादी समितियों द्वारा जारी किए गए बयानों की श्रृंखला के क्रम में एक और प्रेस नोट सामने आया है। इस बार माड़ डिविजन समिति सचिव के नाम से जारी प्रेसनोट में पोलित ब्यूरो सदस्य सोनू उर्फ अभय की हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की अपील का समर्थन किया गया है। यह घटना क्षेत्र के बदलते हुए जमीनी हालात का स्पष्ट संकेत है। माड़ डिविजन नक्सलियों की संख्या की बजाए इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह क्षेत्र लंबे समय से वरिष्ठ माओवादी नेताओं, पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति सदस्यों के लिए एक प्रमुख ठिकाने के रूप में प्रयुक्त होता रहा है।

## खबर संक्षेप

### एक करोड़ के सोने के बिस्कुट जब्त

**कोलकाता।** बीएसएफ ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बांग्लादेश सीमा के पास से 1.09 करोड़ रुपए मूल्य के सोने के बिस्कुट जब्त किए हैं। भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मुर्शिदाबाद जिले में चारभद्र अग्रिम सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ की 146 बटालियन ने सोमवार रात को सीमा के पास एक खेत में छिपाकर रखे गए आठ सोने के बिस्कुट जब्त किए।

### 10 टन लाल चंदन की लकड़ी जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने छह करोड़ रुपये मूल्य की 10 टन लाल चंदन की लकड़ी जब्त की है। दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके तार अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। चंदन की लकड़ी कथित तौर पर आंध्र प्रदेश के तिरुपति से तस्करी कर चीन और अन्य दक्षिण एशियाई देशों को भेजने के लिए लाई गई थी।

तेज-तर्रार अफसर रहे कुमार

## हरियाणा के आईपीएस ने की खुदकुशी, जापान दौरे पर आईएएस पत्नी

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई पूरण कुमार मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित अपने आवास में मृत पाए गए और उनके शरीर पर गोली के जख्म मिले हैं। कुमार की पत्नी अमनीत पी कुमार आईएएस अफसर हैं और हरियाणा सरकार के विदेश सहयोग विभाग की आयुक्त एवं सचिव पद पर कार्यरत हैं। अमनीत फिलहाल मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के तौर पर जापान में हैं। हरियाणा पुलिस के तेज-तर्रार और विवादों में घिरे कुमार की जिंदगी का अंत उतना ही रहस्यमयी रहा, जितना उनका प्रशासनिक सफर। 2001 बैच के इस आईपीएस अफसर ने कभी सत्ता के सामने झुकना नहीं सीखा। वो सिस्टम में रहते हुए भी भ्रष्टाचार, प्रशासनिक विसंगतियों और ऊंचे ओहदों पर बैठे अधिकारियों के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहे। उन्होंने 7 अक्टूबर 2025 को चंडीगढ़ में मौजूद अपने सरकारी आवास में खुद को गोली मारकर जान दे दी। इस घटना ने पूरे पुलिस महकमे को झकझोर दिया है। पूरण कुमार (52) को हाल ही में रोहतक ▶▶|शेष पेज 7 पर



### आत्महत्या पर सवाल

7 अक्टूबर 2025 की सुबह, चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित उनके सरकारी आवास से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। जब पुलिस टीम अंदर पहुंची, तो वाई. पूरन कुमार को खून से लथपथ हालत में पाया गया। उनकी मौत ने पूरे प्रशासनिक ढांचे को हिलाकर रख दिया, क्योंकि पूरन कुमार और उच्चाधिकारियों के बीच लंबे समय से टकराव के हालात थे और कई बार वह खुद को सिस्टम का शिकार बताते रहे थे। हरियाणा सरकार ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है, लेकिन पुलिस जगत में यह सवाल गूंज रहा है कि क्या वाई. पूरण कुमार प्रशासनिक दबाव का शिकार बन गए?






हाईकोर्ट ने तीन माह में लाभ देने कहा

## पदोन्नति निरस्तीकरण आदेश अवैध-मनमाना, किया रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में डीजीपी द्वारा जारी पदोन्नति निरस्तीकरण आदेश को अवैध और मनमाना करार देते हुए रद्द कर दिया है। न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी जाए और सभी परिणामी लाभ तीन माह के भीतर प्रदान किए जाएं।यह याचिका अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी और ▶▶|शेष पेज 7 पर



### लघु दंड का कोई उल्लेख नहीं

न्यायालय ने कहा कि बाद में दी गई लघु सजा को पदोन्नति रद्द करने का आधार नहीं बनाया जा सकता। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि पात्रता सूची में केवल गंभीर दंड को ही पदोन्नति को प्रभावित करने वाला माना गया था, जबकि लघु दंड का कोई उल्लेख नहीं था। अतः अधिकारियों द्वारा लघु दंड के आधार पर पदोन्नति निरस्त करना स्व-विरोधाभासी और मनमाना है।

पुलिस ने युवक को पकड़ा

## अपने ही अपहरण की कहानी बनाकर पिता से मांग रहा था 10 लाख फिरौती


जशपुर के युवक का शहर में अपहरण, पिता से 10 लाख रुपए फिरौती की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

पिता को फोन कर स्वयं के अपहरण होने व स्वयं के बैंक खाते में फिरौती की रकम 10 लाख रुपए जमा करने की बात करने पर पहले ही दिन से पुलिस को फर्जी अपहरणकांड की आशंका थी। आखिर उनकी आशंका सही साबित हुई। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने गौरेला रेलवे स्टेशन से युवक को बरामद कर लिया है। पूछताछ में उसने मोबाइल एप से लोन व दोस्तों से ▶▶|शेष पेज 7 पर

### आज होगा कोर्ट में बयान

पुलिस के अनुसार, संजय यादव से पूछताछ कर उसका बयान दर्ज किया जा रहा है। बुधवार को उसे कोर्ट में पेश कर उसका बयान दर्ज कराया जाएगा। उसके बाद आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### गर्लफ्रेंड व नशा के लिए लिया था कर्ज

पूर्व में कर्जा होने पर अपने किसान पिता से 2.50 लाख रुपए लिया था। उसके बाद भी वह मोबाइल एप से लोन व दोस्तों से करीब 2.50 से 3 लाख रुपए कर्जा लेकर गर्लफ्रेंड व नशा में खर्च चुका था।






श्री पुरंदर दास श्री त्यागराज श्री अरुणाचल कवि

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में
दक्षिण भारत के प्रमुख संतों
की
प्रतिमाओं का अनावरण





8 अक्टूबर, 2025 अपराह्न 4:00 बजे बृहस्पति कुण्ड स्थल, अयोध्या

द्वारा

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**निर्मला सीतारामन**
मंत्री, वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य, भारत सरकार

गरिमामयी उपस्थिति

**सुरेश कुमार खन्ना** मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश | **सूर्य प्रताप शाही** मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, उत्तर प्रदेश | **जयवीर सिंह** मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति, उत्तर प्रदेश

**रोली सिंह** अध्यक्ष, जिला पंचायत, अयोध्या | **गिरीश पति त्रिपाठी** महापौर, अयोध्या | **वेद प्रकाश गुप्ता** विधायक, अयोध्या | **रामचन्द्र यादव** विधायक, रुदौली | **चन्द्रभानु पासवान** विधायक, मिल्कीपुर

**डॉ. अमित सिंह चौहान** विधायक, बीकापुर | **अभय सिंह** विधायक, गोसाईगंज | **हरिओम पांडेय** सदस्य, विधान परिषद

**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

• दक्षिण भारत के 39 प्रसिद्ध संगीतकारों की प्रस्तुतियां • दक्षिण भारतीय भाषाओं में कर्नाटक संगीत की प्रस्तुति
• जटिल राग और ताल के मणिकांचन संयोग का अद्भुत प्रदर्शन • मृदंगम, कंजीरा, घाटम एवं मोर्सिंग का विलक्षण वाद्य संयोजन

अपराह्न 4:30 बजे पीएफसी लॉन, श्री राम जन्मभूमि मंदिर

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh

UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

रायपुर
बुधवार 8 अक्टूबर 2025
कार्तिक, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा/द्वितीया
वर्ष : 24, अंक : 83
पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 31.4
न्यून. 22.9

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



6 बाहुबली: द एपिक 31 को होगी रिलीज...
विचार पेज
4 वायुसेना को और मजबूत बनाना होगा




# डोंगरगढ़ से गोंदिया के मध्य चौथी रेल लाइन, छग समेत 4 राज्यों की रेल परियोजनाएं मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में करीब 24,634 करोड़ रुपए की लागत वाली चार 'मल्टी-ट्रैकिंग' रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। इससे महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ के 18 जिलों से गुजरने वाली इन चार परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 894 किलोमीटर की वृद्धि होगी। स्वीकृत परियोजनाओं में 2,223 करोड़ लागत की गोंदिया–डोंगरगढ़ चौथी रेल लाइन परियोजना भी शामिल है, जो प्रदेश ▶▶|शेष पेज 7 पर

## मोदी कैबिनेट की बड़ी सौगात : 24,634 करोड़ की लागत से चार 'मल्टी-ट्रैकिंग' रेलवे परियोजनाओं पर मुहर

### मंज़ूर किए गए प्रोजेक्ट

- वर्धा – भुसावल (तीसरी एवं चौथी लाइन) – 314 किमी (महाराष्ट्र)
- गोंदिया – डोंगरगढ़ (चौथी लाइन) – 84 किमी (महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़)
- वडोदरा – रतलाम (तीसरी एवं चौथी लाइन) – 259 किमी (गुजरात एवं मध्यप्रदेश)
- इटारसी – भोपाल – बीना (चौथी लाइन) – 237 किमी (मध्यप्रदेश)

### 85.84 लाख की आबादी को लाभ

इन परियोजनाओं से लगभग 3,633 गांवों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी, जिनकी आबादी लगभग 85.84 लाख है। साथ ही दो आकांक्षी जिलों – विदिशा (मध्यप्रदेश) और राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) को भी इस विकास का सीधा लाभ मिलेगा।



### गोंदिया-डोंगरगढ़ के बीच 84 किमी की परियोजना

उल्लेखनीय है कि 84 किलोमीटर लंबी परियोजना राजनांदगांव (छग) और गोंदिया जिलों से होकर गुजरेगी। इसे पांच वर्षों में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना के तहत 15 प्रमुख पुल, 123 लघु पुल, 1 सुरंग, 3 रोड ओवर ब्रिज और 22 रोड अंडर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। आकांक्षी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सीएम साय ने पीएम और रेल मंत्री का जताया आभार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री का



दूरदर्शी नेतृत्व ही इस महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार कर रहा है। "डबल इंजन सरकार" के समर्पित प्रयासों से छत्तीसगढ़ विकास की पटरी पर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, बल्कि इस परियोजना से सम्पूर्ण मध्य भारत की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा मिलेगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का रेल ▶▶|शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति 22 को आएंगी सबरीमला मंदिर



**तिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 अक्टूबर को सबरीमला के भगवान अयप्पा मंदिर में दर्शन करेंगी। यह तुलमासा पूजा दर्शन का अंतिम दिन है। केरल के देवस्वओम मंत्री वी एन वासवन ने बताया कि राष्ट्रपति के शाम के समय इस मंदिर में पूजा-अर्चना करने की योजना के बारे में राज्य सरकार को सूचना मिली है।

### पीएम मोदी ने पुतिन को दी जन्मदिन की बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। दोनों नेताओं ने भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने का संकल्प व्यक्त किया। मोदी ने पुतिन को फोन किया और उन्हें उनके 73वें जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी तथा अच्छे स्वास्थ्य और सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

### अब किसी भी वीजा पर कर सकेंगे उमराह

**नई दिल्ली।** हर साल पूरी दुनिया से लाखों की तादाद में मुसलमान तीर्थयात्रा उमराह पर जाते हैं। सऊदी अरब के हज और उमराह मंत्रालय ने ऐलान किया है कि अब सऊदी अरब का कोई भी वैध वीजा रखने वाला व्यक्ति उमराह कर सकेगा, चाहे उसका वीजा किसी भी तरह का क्यों न हो। यह बदलाव सऊदी प्रेस एजेंसी के माध्यम से घोषित किया गया। यह सुधार दुनियाभर के मुसलमानों के लिए एक बड़ी राहत और सौगात के रूप में देखा जा रहा है।

### कोलंबो-चेन्नई विमान पक्षी से टकराया, उड़ान रद्द

**चेन्नई।** एअर इंडिया की कोलंबो-चेन्नई उड़ान से मंगलवार को एक पक्षी टकरा गया, जिसके कारण एयरलाइन को अपनी वापसी यात्रा रद्द करनी पड़ी। हवाईअड्डा अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विमान में 158 यात्री सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि विमान सुरक्षित उतर गया। और सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतार लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि हवाईअड्डे पर उतरने के बाद विमान से पक्षी के टकराने का पता चला उन्होंने बताया कि विमान को रोक दिया गया।

---

**मप्र-राजस्थान में अब तक 23 बच्चों की मौत, छह राज्यों में कोल्ड्रिफ सिरप बैन, सुप्रीम कोर्ट में याचिका**

# सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ट जज की निगरानी में राष्ट्रीय न्यायिक आयोग से कराएं जांच

*जहरीली कफ सिरप पर अब 6 राज्य जाग गए हैं। ताबड़तोड़ छापेमारी चल रही है। पर, यह जहरीली सिरप कई राज्यों में सप्लाई हो चुकी है और कई बच्चे इसका सेवन कर चुके हैं। चिंताजनक बात ये कि पता नहीं किस राज्य से कितने बच्चों की मौत की खबर आ जाए?*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल/नई दिल्ली

मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से अब तक 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में अब तक 19 बच्चों और राजस्थान में 4 बच्चों की मौत हो चुकी है। मामला सामने आने के बाद मध्यप्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु, पंजाब और तेलंगाना ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है। एडवोकेट विशाल तिवारी ने याचिका में मांग की है कि कोर्ट सरकार को राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश दे और जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ट जज की निगरानी में हो। वहीं, मामले में तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस दवा को कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है।

- भोपाल के दवा बाजार में मिली प्रतिबंधित कफ सिरप रेस्पिफ्रेस डी और एएनएफ की 80 बॉटल्स
- तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल विभाग ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया, 5 दिन में मांगा जवाब
- अब तक श्रीसन फार्मा के मालिक और उसके किसी भी स्टाफर की गिरफ्तारी नहीं

**कफ सिरप कांड**



### सिरप की सैंपलिंग लेबोरेटरी में होगी जांच

मंगलवार को फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन की टीम ने भोपाल के दवा बाजार में छापेमारी की है। यहां पर कफ सिरप रेस्पिफ्रेस डी और एएनएफ कफ सिरप के स्टॉक की जांच की गई। टीम ने तीन दुकानों से 80 बोतलें जब्त की हैं, जबकि दो अन्य दुकानों ने प्रतिबंधित कफ सीरप का स्टॉक कंपनी को वापस भेज दिया है। टीम ने सैंपल के लिए 10 बोतल को सील लेबोरेटरी भेजा है।

### परासिया में एक और बच्चे की मौत

परासिया क्षेत्र में एक और बच्चे की मौत की पुष्टि हुई है।बच्चे की मौत किडनी फेलियर से हुई। प्रशासन ने मृतक बच्चे का नाम आधिकारिक सूची में दर्ज कर लिया है। साथ ही जिले में मृतकों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है।

### आगर मालवा में अमानक दवाओं की खेप पहुंची!

आगर मालवा में भी अमानक दवाइयों की खेप पहुंचने की जानकारी पर प्रशासन तुरंत हरकत में आया। ड्रग्स विभाग की सतर्कता से रातों-रात कार्रवाई कर पूरी खेप वापस करवाई गई। एसडीएम मिलिंद ढोके के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और ड्रग निरीक्षण टीम ने जिले के मेडिकल स्टोर्स व एजेंसियों की जांच की। टीम ने स्टॉक रजिस्टर, लाइसेंस और दवाओं के सैंपल की जांच कर रिपोर्ट तैयार की।

### इधर, झोलाछाप ने गलत इंजेक्शन लगाकर छीनी दीक्षा की जान

**सीहोर।** जिले के पीपलिया मीरा गांव की दो साल की मासूम दीक्षा की मौत झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन से हो गई। बच्ची पांच दिन तक कोमा में जिंदगी और मौत से जूझती रही। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ग्राम पीपलिया मीरा में उस वक्त कोहराम मच गया जब दो साल की मासूम दीक्षा पिता कन्हैयालाल की मौत हो गई। बरखेड़ी स्थित मुस्कान क्लीनिक में इलाज कराने गए थे, जहां डॉक्टर अशोक विश्वकर्मा ने खांसी-बुखार के लिए इंजेक्शन लगाया।

---

**शव रखकर किया प्रदर्शन**

# 24 घंटे इंतजार के बाद मिला एंबुलेंस, रायपुर पहुंचने से पहले तोड़ा दम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

हरिभूमि फॉलोअप

सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल कोरवा राजपुर विकासखंड के ककना मदेश्वरपुर निवासी 34 वर्षीय गुड्डु पहाड़ी कोरवा ने आखिरकार रायपुर पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। रायपुर में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बड़ी विडंबना यह है कि पहले सिर में लगी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### मरने के बाद नहीं मिली मुक्तांजलि

युवक की मौत के बाद रायपुर से भी उन्हें मुक्तांजलि वाहन उपलब्ध नहीं कराई गई। पहाड़ी कोरवा परिवार 9 हजार लगाकर निजी वाहन से वापस लौटा।

### शव रखकर किया गया प्रदर्शन

मृतक के परिजन सीधे शव लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे और पुलिस सहायता केंद्र के बाहर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस की टीम भी मौके पर पहुंची और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

---

**हिमाचल के बिलासपुर में भूस्खलन**

# पहाड़ से बस पर गिरा मलबा 15 यात्रियों की मौत, 3 घायल



एजेंसी ▶▶| शिमला

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में मंगलवार शाम एक निजी बस के भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 15 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि तीन को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना झंडूता विधानसभा क्षेत्र के भालूघाट इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि बस में 30-35 यात्री सवार थे और यह मरोतन से घुमारवीं जा रही थी। इस क्षेत्र में सोमवार से रुक-रुककर बारिश हो रही है। मौके पर मौजूद झंडूता से भाजपा के विधायक जे आर कटवाल ने फोन पर बताया कि अब तक मलबे से 18 शव बरामद किए गए हैं और तीन लोगों को बचाकर अस्पताल भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और बचाव कार्य जारी है। बचाव कार्य में लगे एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा बस पर गिर पड़ा और ▶▶|शेष पेज 7 पर

### रातभर जारी रहेगा रेस्क्यू ऑपरेशन

हादसे के बाद आसपास के लोग भी राहत और बचाव कार्य में मदद के लिए जुट गए। अधिकारियों का कहना है कि बचाव कार्य रातभर जारी रहेगा। जल्द से जल्द बस के भीतर फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

### बस में सवार थे 35 यात्री

बताया जा रहा है कि करीब 35 लोग बस में सवार थे। घटना करीब साढ़े छह बजे हुई है। बस में मरोतन बरठीं, घुमारवीं और बीच के स्टेशनों के लोग सवार थे।

### पीएम मोदी-शाह ने दुख जताया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूस्खलन में हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने अधिकारियों को बचाव अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए।

---

**ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया बयान**

# 60 करोड़ की ठगी मामले में शिल्पा से हुई पूछताछ



**मुंबई।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा पिछले काफी वक्त से कथित 60 करोड़ रुपये की ठगी मामले को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। आर्थिक अपराध शाखा ने अभिनेत्री से पूछताछ की है। ईओडब्ल्यू ने शिल्पा से करीब 4 घंटे 30 मिनट तक पूछताछ की है।

### व्यवसायी से धोखाधड़ी का आरोप

शिल्पा और राज पर व्यवसायी दीपक कोठारी की तरफ से कथित आरोप लगाया गया है कि दंपति ने एक लोन-कम-इन्वेस्टमेंट डील में उसके साथ 60 करोड़ की धोखाधड़ी की है।

---

# सीजेआई पर जूता फेंकने वाला वकील रिहा गवई की मां बोलीं- अराजकता को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाले आरोपी वकील राकेश किशोर को बिना किसी कानूनी कार्रवाई के रिहा कर दिया गया है। देशभर में घटना की निंदा हो रही है। हमले को लेकर कई राज्यों में प्रदर्शन हुए। इस मामले ने पूरे देश में एक नई बहस को जन्म दिया। अब ▶▶|शेष पेज 7 पर



### हमले की निंदा, कार्रवाई की मांग

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने हमले की कड़ी निंदा की। मणिपुर कांग्रेस अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने प्रधान ▶▶|शेष पेज 7 पर

### *यह सीजेआई की हरकत पर मेरी प्रतिक्रिया*

*रिहाई के अगले दिन मंगलवार को राकेश किशोर ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि वो सीजेआई की हरकत पर मेरी प्रतिक्रिया थी। वकील ने 16 सितंबर को कोर्ट में दायर एक पीआईएल का सीजेआई द्वारा मजाक उड़ाने और जाओ और मूर्ति से प्रार्थना करो और उसे अपना सिर* ▶▶|शेष पेज 7 पर

---

**तीन वैज्ञानिकों को मिला भौतिकी का नोबेल**

# क्वांटम प्रौद्योगिकी को किया उन्नत, इससे बनेंगे सुपर कंप्यूटर स्मार्ट सेंसर और ऊर्जा बचाने वाले उपकरण

एजेंसी ▶▶| स्टॉकहोम

जॉन क्लार्क, माइकल एच डेवोरेट और जॉन एम मार्टिनिस को डिजिटल प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने वाली 'क्वांटम टनलिंग' पर शोध के लिए भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिए जाने की मंगलवार को घोषणा की गई। क्लार्क (83) ने अपना शोध कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में किया। वहीं, मार्टिनिस ने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा में तथा डेवोरेट ने येल में और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा में भी अपना शोध किया। क्लार्क ने नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की ▶▶|शेष पेज 7 पर

### किसने किसकी खोज की

जॉन क्लार्क कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, बर्कले के प्रोफेसर हैं। उन्होंने 1980 में जोसेफसन जंक्शन (एक सुपरकंडक्टिंग डिवाइस) में क्वांटम टनलिंग की खोज की। यह 'मैक्रोस्कोपिक' (बड़े स्तर पर) क्वांटम प्रभाव था, जो छोटे कणों तक सीमित न था।







मिशेल एच. डेवोरेट येल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर हैं। उन्होंने सर्किट क्वांटम इलेक्ट्रोडायनामिक्स (सर्किट क्वांटम फिजिक्स) विकसित किया। उनकी खोज से इलेक्ट्रिक सर्किट को क्वांटम सिस्टम की तरह इस्तेमाल किया जा सका।

जॉन एम. मार्टिनिस कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, सांता बारबरा के प्रोफेसर हैं। उन्होंने क्वांटम बिट्स (क्यूबिट्स) में एनर्जी क्वांटाइजेशन दिखाया, जो क्वांटम कंप्यूटर्स का आधार है।

### नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा 10 अक्टूबर को

नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र में नोबेल मेमोरियल पुरस्कार की घोषणा 13 अक्टूबर को की जाएगी। पुरस्कार समारोह 10 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा, जो इसके संस्थापक स्वीडिश उद्योगपति और डायनामाइट के आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि है। नोबेल की 1896 में इसी दिन मृत्यु हुई थी। इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों में 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (लगभग 12 लाख अमेरिकी डॉलर) नकद प्रदान किया जाता है।

# हिल्सा मछली के लिए 17 युद्धपोत तैनात, हेलीकॉप्टर से निगरानी भी

## रक्षा बल ने शुरू किया है विशेष निगरानी अभियान, बांग्लादेश में लाखों लोग हिल्सा मछली के कारोबार पर हैं निर्भर

*पड़ोसी देश बांग्लादेश ने अपने समुद्री क्षेत्र में युद्धपोत और गश्ती हेलीकॉप्टर की तैनाती की है। यह तैनाती किसी युद्ध के लिए नहीं बल्कि हिल्सा मछली के लिए की गयी है। बांग्लादेशी अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने हिल्सा को अवैध रूप से पकड़ने से बचाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की है। हिल्सा मछली के प्रजनन क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए मछली के पकड़ने पर तीन सप्ताह के लिए प्रतिबंध लगा दिया है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश के रक्षा बल ने कहा कि उसने एक विशेष निगरानी अभियान के तहत युद्धपोतों और गश्ती विमानों को तैनात किया है ताकि मछली को उसके प्रजनन काल के दौरान अवैध रूप से पकड़े जाने से बचाया जा सके। रक्षा बल के इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशंस ने एक बयान में कहा कि प्रतिबंध को लागू करने और मछली की सुरक्षा के लिए 17 नौसेना युद्धपोतों और गश्ती हेलीकॉप्टरों को तैनात किया गया है। बयान में कहा गया है, 'युद्धपोत और अत्याधुनिक समुद्री गश्ती विमान घरेलू और विदेशी मछुआरों की गहरे समुद्र में घुसपैठ को रोकने के लिए चौबीसों घंटे निगरानी कर रहे हैं।' बांग्लादेश में मछुआरों को मुआवजे को तौर पर चावल दिया जा रहा है ताकि वे इस इलाके में मछली न पकड़ें। बांग्लादेश में लाखों लोग हिल्सा मछली पर निर्भर हैं जिसकी कीमत ढाका में 2,200 टका (18.40 डॉलर) प्रति किलोग्राम तक जाती है।



### इसलिए खास है हिल्सा

हिल्सा मछली को दुनिया की सबसे स्वादिष्ट मछलियों में से एक माना जाता है। इसे बांग्लादेश के साथ-साथ भारत में भी खूब पसंद किया जाता है। हिल्सा बांग्लादेश की राष्ट्रीय मछली है। इसे इलिश नाम से भी जाना जाता है। यह हर साल अंडे देने के लिए बंगाल की खाड़ी से नदियों में लौटती है। वहीं ऐसे समय में जहाजों की तैनाती से हिल्सा के प्रजनन में बाधा पड़ सकती हैभारत के पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा और शादियों के सीजन में हिल्सा की भारी डिमांड रहती है। हालांकि, हिल्सा साल में केवल कुछ महीनों के लिए ही उपलब्ध होती है, जिससे इसकी मांग बढ़ जाती है।

### बांग्लादेश से दुनिया को हिल्सा का निर्यात

बांग्लादेश दुनिया की 70 प्रतिशत हिल्सा मछली का निर्यात करता है लेकिन अत्यधिक मछली पकड़ने, बढ़ती मांग और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के कारण यह बहुमूल्य मछली दुर्लभ और महंगी होती जा रही है।

### बांग्लादेश में आम लोगों की पहुंच के बाहर

निर्यात के कारण बांग्लादेश में इसकी कमी बढ़ गई है और अपनी ऊंची कीमत के कारण यह ज्यादातर बांग्लादेशियों की पहुंच के बाहर है। बांग्लादेश के कुल मछली उत्पादन में हिल्सा की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत है। हर साल 5.50 लाख से 6 लाख टन मछली हर साल पकड़ी जाती है, जिससे लगभग 5 लाख मछुआरों और इससे जुड़े उद्योगों में 20 लाख लोगों को सीधे तौर पर मदद मिलती है।

### भारत-बांग्लादेश में कूटनीतिक विवाद

भारत और बांग्लादेश के बीच कूटनीतिक विवाद में भी हिल्सा मछली का इस्तेमाल होता रहा है। तीस्ता नदी के पानी पर दिल्ली और ढाका में बातचीत विफल होने के बाद बांग्लादेश ने 2012 से 2018 के बीच हिल्सा के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसने पश्चिम बंगाल में एक निराशा को जन्म दिया, जहां बंगाली हिल्सा का आनंद लेने के लिए उत्सुक रहते हैं। हिल्सा को दोनों तरफ के बंगाली समुदाय में मछलियों की रानी का दर्जा हासिल है। बंगाली साहित्य में भी हिल्सा का विशेष स्थान है। रवींद्रनाथ टैगोर और जीवनानंद दास जैसे विख्यात कवियों ने इस मछली के बारे में लिखा है।

---

## खबर संक्षेप

### दीपिका-रणवीर अबू धाबी टूरिज्म के ब्रांड एंबेसडर



**नई दिल्ली।** अबू धाबी के पर्यटन को अब एक नया चेहरा मिल गया है। बॉलीवुड का मशहूर कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अब इस खूबसूरत शहर के ब्रांड एंबेसडर बन गए हैं। रणवीर पहले से ही अबू धाबी का प्रचार कर रहे थे, वहीं अब दीपिका के जुड़ने से ये दोनों मिलकर इस जगह को दुनिया के सामने पेश करेंगे। यह पहला मौका है जब कोई बॉलीवुड जोड़ा किसी टूरिज्म डेस्टिनेशन का प्रतिनिधित्व करेगा।

### 'रायबरेली में इंसान नहीं, संविधान की हत्या'

**नई दिल्ली।** रायबरेली में मॉब लिंचिंग को लेकर राहुल गांधी ने कहा- दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या केवल एक इंसान की नहीं, बल्कि इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। देश में नफरत, हिंसा और भीड़ तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। राहुल ने मंगलवार को एक्स पर लिखा- संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है, इंसाफ की जगह डर ने, लेकिन यह देश संविधान से चलेगा, भीड़ की सनक से नहीं।



### केजरीवाल होंगे अब प्रियंका के पड़ोसी

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** लंबे कानूनी और राजनीतिक खींचतान के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को आखिरकार दिल्ली में सरकारी आवास मिल गया है। केजरीवाल की ख्वाहिश थी कि उन्हें मायावती के नाम आवंटित 35 लोदी की एस्टेट वाला बांग्ला आवंटित हो, लेकिन ऐसा हो न सका। शहरी विकास मंत्रालय के सूत्रों ने बताया की वो बंगला पहले ही वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के नाम आवंटित हो चुकी थी।



---

## बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती

# 'किन 3.66 लाख वोटरों के नाम काटे गए हैं?' चुनाव आयोग से मांगा डेटा

### मामले की अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को तय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के गहन विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को तय की है। इस बीच याचिकाकर्ता नई दलीलों के साथ अपने हलफनामे दाखिल करेंगे, जिन पर निर्वाचन आयोग जवाब देगा। साथ ही कोर्ट ने चुनाव आयोग से उन 3.66 लाख वोटों की भी जानकारी देने को कहा है जिनके नाम फाइनल वोटर लिस्ट में काटे गए हैं। मंगलवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि लाखों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, लेकिन उन्हें इसकी कोई सूचना नहीं दी गई। सिंघवी ने आरोप लगाया कि 3.66 लाख से अधिक लोगों के नाम बिना नोटिस हटाए गए, किसी को कारण नहीं बताया गया। उन्होंने कहा कि अपील का प्रावधान तो है, पर जब लोगों को जानकारी ही नहीं है, तो अपील का सवाल ही नहीं उठता।

### बिहार में अगले महीने होने हैं विधानसभा चुनाव

### पारदर्शिता का पूर्ण अभाव

वहीं, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने बताया कि अब तक 47 लाख नाम हटाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2003 और 2016 के आयोग के निर्देश बताते हैं कि फर्जी मतदाताओं को हटाने की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए, लेकिन इस बार पारदर्शिता का पूर्ण अभाव है। भूषण ने कहा कि 65 लाख मतदाताओं की जानकारी अदालत के आदेश के बाद ही दी गई, जबकि आयोग को यह डेटा वेबसाइट पर अपलोड करना चाहिए था।




### आयोग बोला- दी गई थी सूचना

निर्वाचन आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने कोर्ट को बताया कि जिन लोगों के नाम हटाए गए, उन्हें सूचना दी गई थी, और ड्राफ्ट तथा फाइनल सूची दोनों राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई गई हैं। अदालत ने सवाल किया कि 3.70 लाख नामों में से कितनों से शिकायतें मिलीं, और उन पर क्या कार्रवाई हुई। इस पर आयोग की ओर से कहा गया कि कोई औपचारिक शिकायत नहीं आई है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यदि कोई यह सूची दे सके कि किन लोगों को आदेश की जानकारी नहीं मिली, तो अदालत उन्हें सूचित करने का निर्देश दे सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि हर व्यक्ति को अपील का अधिकार है और यदि लोग आगे आते हैं, तो अदालत उनकी बात सुनेगी। सवाल यह है कि हम किसके लिए ऐसा कर रहे हैं, लोग आगे क्यों नहीं आ रहे हैं।

### 'आयोग बटन दबाकर यह डेटा तुरंत दे सकता है लेकिन'

कोर्ट ने आयोग से कहा कि ड्राफ्ट और फाइनल लिस्ट के डेटा की तुलना कर रिपोर्ट गुरुवार तक दाखिल की जाए। वकील भूषण ने कहा कि आयोग बटन दबाकर यह डेटा तुरंत दे सकता है, लेकिन पारदर्शिता की कमी के कारण ऐसा नहीं किया जा रहा। अदालत ने कहा कि यह पूरी कवायद चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए की जानी चाहिए। सुनवाई अब 9 अक्टूबर, गुरुवार को होगी, जब याचिकाकर्ता नई दलीलों के साथ हलफनामे दाखिल करेंगे और निर्वाचन आयोग उस पर जवाब देगा।

### आयोग बताए गैर-भारतीय कितने : कांग्रेस



कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में चलाई गई मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पूर्णता, समानता और सटीकता के मोर्चों पर विफल रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी आरोप लगाया कि आयोग के पास देश को यह बताने की ईमानदारी या साहस नहीं है कि बिहार में कितने ऐसे लोगों के नाम हटाए गए हैं जो भारत के नागरिक नहीं हैं।

---

## महागठबंधन में सीट शेयरिंग हो चुकी है फाइनल

# राजद 130 तो कांग्रेस 50 सीट पर लड़ेगी चुनाव!

एजेंसी ▶▶| पटना



बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गई है। एक ओर सत्तारूढ़ एनडीए रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटा है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी महागठबंधन ने सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला लगभग तय कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की बातचीत के बाद गठबंधन के सभी घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बन गई है। अब केवल आधिकारिक घोषणा बाकी है। वहीं इससे पहले महागठबंधन के अंदर सीटिंग विधायकों को अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने का निर्देश दे दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, आरजेडी (राजद) को गठबंधन में सबसे बड़ा हिस्सा मिला है। तेजस्वी यादव की पार्टी को 130 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं कांग्रेस को 50 सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिल सकता है। इसके अलावा विकासशील इंसान पार्टी (कांग्रेस) को 20 सीटें, लेफ्ट पार्टियों (सीपीआई, सीपीआई (एमएल) , सीपीआई (एम) को कुल 35 सीटें, पारस गुट की लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी-आरवी) को 2 सीटें और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) को भी 6 सीटें मिल सकती हैं। बता दें बिहार में 243 विस सीटें हैं।

### बीजेपी-चिराग में फंसा पेंच! नहीं बन पा रही सहमति



बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए के घटक दलों में सहमति नहीं बन पा रही है। दिल्ली में चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी भाजपा और जदयू से 45 से 54 सीटों की मांग रही है। चिराग की मांगों ने गठबंधन में असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है। राजनीतिक हलकों में चर्चा भी है कि चिराग की नाराजगी गठबंधन के लिए नुकसानदेह हो सकती है इसलिए भाजपा और उनके साथ लगातार संवाद बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी में तरफ चिराग की पार्टी को लगभग 25 से 28 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा को 8 और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी को 8 सीटें मिल सकती हैं।

---

*भड़के लोगों ने सीआईएसएफ जवान को भी जड़ा थप्पड़*

# बंगाल में एक और बीजेपी विधायक पर भीड़ का हमला

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



पश्चिम बंगाल के उत्तर बंगाल क्षेत्र में एक बार फिर भाजपा विधायक पर हमला हुआ है। कुमारग्राम से भाजपा विधायक मनोज कुमार ओरांव के काफिले पर भीड़ ने मंगलवार को हमला किया गया। लोगों ने उनकी कारों में तोड़फोड़ की और सुरक्षा कर्मियों के साथ मारपीट की। जानकारी के मुताबिक, मनोज ओरांव अपने क्षेत्र के कुमारग्राम इलाके में बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री बांटने पहुंचे थे। इसी दौरान जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हंगामे के दौरान एक प्रदर्शनकारी ने विधायक की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ जवान को थप्पड़ मार दिया। गौरतलब है कि इससे पहले जलपाईगुड़ी जिले के नागरकट्टा इलाके में सोमवार को भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और सिलिगुड़ी विधायक शंकर घोष पर भीड़ ने हमला किया था।

**भाजपा व टीएमसी आमने-सामने :** भाजपा का आरोप है कि यह हमला टीएमसी पंचायत प्रधान और स्थानीय टीएमसी सदस्यों के नेतृत्व में किया गया। वहीं टीएमसी ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया है कि विधायक ओरांव पिछले तीन दिनों से राहत शिविरों में नहीं पहुंचे थे, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी थी। टीएमसी का यह भी कहना है कि भाजपा के सुरक्षा कर्मियों ने ग्रामीणों पर लाठीचार्ज किया और उनके नेताओं के साथ मारपीट की।

### सांसद मुर्मू के चेहरे की हड्डी टूटी

सोमवार को हमले में भाजपा सांसद मुर्मू के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं, जिसमें आंख के नीचे हड्डी टूटने की भी जानकारी है। उनका इलाज जारी है। वहीं, विधायक शंकर घोष का स्वास्थ्य स्थिर है। घोष ने कहा कि उन्हें 'मुक्का मारा गया और पत्थरों से हमला किया गया'। इस हमले के बाद पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

---

## पाकिस्तान में हमला कई यात्री घायल

# रेलवे ट्रैक पर विस्फोट, पटरी से उतरी ट्रेन



**कराची।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी सिंध प्रांत में मंगलवार को रेलवे ट्रैक पर हुए विस्फोट के कारण एक ट्रेन के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे कई लोग घायल हो गए। पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस के घायल यात्रियों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर इस साल कई बार हमले हो चुके हैं। यह विस्फोट सिंध के शिकारपुर जिले में सुल्तान कोट से सटे सोमरवाह के पास हुआ। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है।

---

## दिवाली से पहले जगमग होगी भगवान राम की जन्मस्थली

# अयोध्या में राम की पैड़ी पर बन रहे 6 विशालकाय दीपक

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या एक बार फिर ऐतिहासिक और धार्मिक भव्यता की मिसाल बनने जा रही है। दीपावली से पूर्व आयोजित होने वाले दीपोत्सव को इस बार और भी दिव्य और अद्भुत स्वरूप देने की तैयारी जोरों पर है। विशेष आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं राम की पैड़ी पर बन रहे छह विशालकाय दीपक, जो इस आयोजन को एक नई पहचान देंगे। बिहार के कुशल शिल्पकारों द्वारा इन पत्थर के दीपों का निर्माण किया जा रहा है। ये दीपक बिजली से प्रज्वलित करने की तकनीक से भी लैस होंगे। निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है और इन्हें 10 अक्टूबर तक पूरा करने की समयसीमा तय की गई है, जिससे दीपोत्सव में ये आकर्षण का केंद्र बन सकें। इन दीपों को विशेष रूप से इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि ये अयोध्या में होने वाले भव्य दीपोत्सव का स्थायी प्रतीक बन जाएं।

### 10 अक्टूबर तक हो जाएगा इनका निर्माण

### इस बार का दीपोत्सव बनाएगा नए विश्व रिकॉर्ड



### राम की पैड़ी का हो रहा भव्य सौंदर्यीकरण

इन दीपों के निर्माण के साथ-साथ राम की पैड़ी का भी भव्य सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इस बार पैड़ी के किनारे ऐसी सीढ़ियां बनाई जा रही हैं जिन्हें ओपन थियेटर के रूप में भी उपयोग किया जा सकेगा। इससे भविष्य में सांस्कृतिक और धार्मिक प्रस्तुतियों के लिए स्थायी मंच उपलब्ध होगा। हालांकि, कुछ निर्माण कार्य जैसे छत्री, राम-लक्ष्मण-सीता के स्तंभ दीपोत्सव से पूर्व पूर्ण नहीं हो पाएंगे, लेकिन इन्हें उत्सव के बाद पूरा किया जाएगा।

### इस बार यह होगा खास

*इस बार का दीपोत्सव 2025 नए विश्व रिकॉर्ड बनाएगा। क्योंकि, दीपोत्सव में 26 लाख से ज्यादा मिट्टी के दीये जलाए जाएंगे। 2,100 श्रद्धालुओं द्वारा भव्य आरती की जाएगी। साथ ही साथ 1,100 ड्रोन से हवाई प्रदर्शन भी होगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अधिकारियों और कार्यान्वयन एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि दीपोत्सव 2025 अब तक का सबसे भव्य उत्सव बने।*

### विशेष राम परिक्रमा यात्रा

*दीपोत्सव से पूर्व 12 अक्टूबर को एक विशेष राम परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसकी अगुवाई राम जन्मभूमि ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास करेंगे। यह आयोजन निर्मोही अखाड़ा द्वारा किया जा रहा है जिसमें देशभर से डेढ़ हजार से अधिक संत भाग लेंगे। रामकोट बैरियर से शुरू होकर यह परिक्रमा पूरे अयोध्या क्षेत्र में भ्रमण करेगी।*

---

*अहमदाबाद प्लेन हादसे पर बोले विमानन मंत्री नायडू*

# 'जांच में नहीं हो रही कोई गड़बड़ी'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे की जांच में कोई हेराफेरी या गड़बड़ी नहीं हो रही है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) इस विमान हादसे की जांच कर रहा है। केंद्रीय मंत्री का बयान ऐसे समय में आया है जब एएआईबी की जांच पर सवाल भी उठाए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री नायडू ने मंगलवार को अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर कहा कि वास्तव में क्या हुआ था, यह जानने के लिए सभी को एएआईबी की अंतिम जांच रिपोर्ट का इंतजार करना होगा। जांच एक बहुत ही साफ-सुथरी और गहन प्रक्रिया है, जिसे हम नियमों के अनुसार कर रहे हैं।' एआईबी अंतिम रिपोर्ट पर एक बहुत ही पारदर्शी और स्वतंत्र अध्ययन कर रहा है।



### पायलट एसोसिएशन ने लगाए हैं आरोप

एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एलपीए) ने आरोप लगाया था कि अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया एआई-171 विमान हादसे पर एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट जल्दबाजी में और दबाव में तैयार की गई थी। बता दें इस विमान हादसे में 260 लोगों की जान गई थी।

# आईफोन खरीदने की लत में 17 साल के बच्चे ने बेच दी अपनी एक किडनी

**बीजिंग।** सोशल मीडिया पर आए दिन ऐसी-ऐसी खबरें सामने आती हैं जो या तो हमें हंसा देती हैं या फिर दंग कर देती हैं। लेकिन कुछ किस्से ऐसे होते हैं जिन्हें सुनकर इंसान का दिल सच में हिल जाता है। टेक्नोलॉजी के जमाने में गैजेट्स का क्रेज हर किसी को होता है। पर कोई इन चीजों के लिए अपनी जिंदगी दांव पर लगा देगा। दरअसल,



चीन का एक 17 साल का लड़का, जिसका नाम मीडिया रिपोर्ट्स में वांग शांगकुन बताया गया है, अचानक खबरों में छा गया। वजह यह है कि उसने सिर्फ एक आईफोन और आईपैड खरीदने के लिए अपनी एक किडनी बेच दी थी। उस वक्त वह किशोर उम्र में था और नई-नई टेक्नोलॉजी का इतना बड़ा शौकीन था कि दोस्तों की तरह उसके पास भी महंगे गैजेट्स हों बस यही सपना देखता था।

अब मुफ्त में खाना बना रही लुगाई!

# महंगी रसोई गैस से परेशान था किसान, निकाला अनोखा जुगाड़

**जयपुर।** महंगाई के दौर में जहां हर घर में रसोई गैस और बिजली के बिल को लेकर चिंता बनी रहती है, वहीं राजस्थान के भरतपुर जिले के बाबन गांव में एक 70 वर्षीय किसान ने ऐसा जुगाड़ निकाला है, जो पूरे देश को प्रेरित कर रहा है। ठाकुर गोपाल सिंह, जिन्हें स्थानीय लोग बायोगैस प्लांट वाले बाबा या विज्ञानिक किसान कहते हैं, ने गोबर, पॉटी, सड़ी हुई सब्जियों और अन्य बायो-वेस्ट से बायोगैस प्लांट बनाया है।

यह प्लांट ना केवल फ्री रसोई गैस देता है, बल्कि घर के सभी बिजली उपकरणों को भी चला रहा है। सोशल मीडिया पर उनके इस आविष्कार का वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें लाखों लोग इसे शेयर कर रहे हैं। ठाकुर गोपाल सिंह की कहानी संघर्ष और दृढ़ संकल्प की मिसाल है। 25 बीघा जमीन पर खेती करने वाले गोपाल सिंह पारंपरिक किसान हैं। वे ज्वार, बाजरा, दालें, तिलहन, गेहूं, सरसों उगाते हैं और नींबू का बाग भी लगाया है। कम पढ़े-लिखे होने के बावजूद, 1980 में एक किताब पढ़ने के बाद उन्होंने गोबर के बहुमुखी उपयोग की कल्पना की. आज उस कल्पना को साकार कर उन्होंने मिसाल पेश कर दी है।




## एक किताब ने बदल दी जिंदगी

अपनी इस उबलब्धि पर चर्चा करते हुए इस किसान ने कहा- 'मैंने 20 बार किताब को पढ़ा। फिर ठान लिया कि गोबर से गैस का प्लांट लगाऊंगा। अगले 30 सालों में उन्होंने 17 प्रयोग किए। पहले मटके में गोबर डाला, लेकिन गैस के दबाव से मटके फट गए। फिर लोहे के ड्रम आजमाए, लेकिन भारी मशीनरी के लिए पर्याप्त नहीं बने। आखिरकार 2010 में दिल्ली के एक मिस्त्री की मदद से भूमिगत प्लांट बनाया, जो आज 11 साल से बिना रुके चल रहा है।

## ऐसे करता है काम

इस प्लांट के मुख्य टैंक में गोबर, पॉटी, सड़ी सब्जियां और पानी डाला जाता है। ऊपर लगे हैंडल से घोल बनाया जाता है और टैंक लॉक कर दिया जाता है। ऐनरोबिक डाइजेशन से बायोगैस बनती है, जो पाइप से 10 क्यूबिक मीटर के सेकेंडरी टैंक में जाती है। यहां प्लास्टिक बोतलों से बने वाल्व रेगुलेटर गैस को कंट्रोल करते हैं। एक पाइप रसोई तक जाता है, जहां चूल्हा जलता है। दूसरा डीजल इंजन से जुड़ता है। इंजन को 1 लीटर डीजल से स्टार्ट किया जाता है, फिर 90% बायोगैस से 8-10 घंटे चलता है। इससे अल्टरनेटर बिजली बनाता है, जो लाइट, पंखे, 25 एचपी वाटर मोटर, आटा चक्की, चारा काटने की मशीन और सिंचाई चलाता है। बचा हुआ घोल खाद के रूप में निकलता है, जो जैविक खेती के लिए इस्तेमाल होता है। इस जुगाड़ से गोपाल सिंह की सालाना बचत डेढ़ लाख रुपए है।

# मां ने दूध से नहलाया, फिर दूल्हे की तरह तैयार हुआ लड़का, मनाया तलाक का जश्न!

पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर एक ट्रेंड देखने को मिला है। औरतें जब टॉक्सिक रिश्ते से तलाक लेकर आजाद हो जाती हैं तो उस रिश्ते के खत्म होने पर दुखी नहीं होतीं, बल्कि खुश होती हैं और जश्न भी मनाती हैं। बीते दिनों ऐसी कई महिलाओं के वीडियो वायरल हुए हैं जिन्होंने तलाक का जश्न मनाया है। मगर अब एक आदमी ने तलाक का जश्न मनाया जिसे देखकर पुरुषों में खुशी की लहर दौड़ गई।

लड़के को पहले उसकी मां दूध से नहलाती नजर आ रही है, उसके बाद वो लड़का दूल्हे की तरह तैयार होता है और फिर जश्न मनाता है। एक यूजर ने इस वीडियो पर काफी तीखा कमेंट किया- 'नीले ड्रम से बचने की बधाई!' दरअसल, कमेंट करने वाला शख्स मुस्कान नाम की हत्यारी बीवी के संदर्भ में ये बात बोल रहा था, जिसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की थी और फिर बॉडी को नीले ड्रम में डालकर सीमेंट से सील कर दिया था।




## लड़के ने ऐसे मनाया जश्न

इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि पहले तो लड़के की मां उसे दूध से नहला रही है। लड़का जमीन पर पैर मोड़कर बैठा है और मां कलसे में से दूध बेटे के ऊपर उड़ेल रही है। इसके बाद लड़का सूट-बूट बनकर दूल्हे की तरह तैयार होता है। फिर तस्वीर में नोटों की गड्डी दिखाई जाती है जो उसने एलिमनी के तौर पर दिया था। वहीं, यह शख्स एक बड़ा सा केक काटते नजर आ रहा है जिसपर लिखा है- 'शुभ तलाक।'

कहीं 76 दिनों तक नहीं होती रात

# दो महीने तक नहीं उगता सूरज

**न्यूयार्क।** दुनिया में एक पूरा दिन 24 घंटे का होता है। इसमें 12 घंटे का दिन और इतने ही घंटे की रात होती है। प्रकृति का नियम है कि दिन के बाद रात होती है और रात के बाद दिन होता है। हम में से ज्यादातर लोगों को लगता है कि पूरी दुनिया में यही नियम है। लेकिन, धरती पर कुछ ऐसी जगहें हैं, जहां पर महीनों तक सूर्य अस्त नहीं होता है और रात नहीं होती है। दुनिया के एक देश में सूर्य 70 दिन से अधिक नहीं डूबता है।



## नार्वे

नार्वे आर्कटिक सर्कल में स्थित है, जिसे लैंड ऑफ मिडनाइट सन भी कहा जाता है। इस देश में मई महीने से लेकर जुलाई महीने के आखिरी तक सूर्य अस्त नहीं होता है। यहां पर लगातार 76 दिनों तक रात नहीं होती है और दिन रहता है। रात सिर्फ 40 मिनट की होती है। इस दौरान रात 12:40 बजे सूर्य अस्त होता है और करीब 1:30 बजे फिर से सूर्योदय हो जाता है। नार्वे में इस घटना के पीछे की वजह यह है कि धरती अपनी धुरी पर 66 डिग्री के झुकाव पर घूमती है और नॉर्वे उत्तरी ध्रुव के बेहद नजदीक स्थित है।

**यहां दो महीने नहीं उगता सूरज** : धरती पर अलास्का का दिन और रात का चक्र पूरी तरह अलग है। आर्कटिक सर्कल के अंदर स्थित अलास्का के उत्तरी हिस्से में हर साल लगभग दो महीने तक (नवंबर के मध्य से लेकर जनवरी के अंत तक) सूरज बिल्कुल नहीं उगता।

Divisa
www.divisastore.com
मज़बूत इरादों के साथ सेहत का पहला कदम
डा. ऑर्थो एक्यूप्रेशर स्लिपर



पसीना रोधी
फिसलन रोधी
नरम और आरामदायक
रोज़ाना इस्तेमाल
BUY NOW
A Step towards pain-free life with Acupressure
एक्यूप्रेशर स्लिपर के फायदे:
- ब्लड सर्कुलेशन में सहायक
- सारा दिन पहनने के लिए आरामदायक
- प्रीमियम क्वालिटी, जो दे चलने का सुखद अनुभव
- PVC या प्लास्टिक फुटवियर की तुलना में बेहतर
डा.ऑर्थो
All day wear Acupressure Slippers
Contact For Dealership
85588 07777 • dealership@divisa.in

HONDA
The Honda Joy Fest
Bring Home a Honda, Bring Home Joy
INSTANT CASHBACK UP TO ₹5000/-**
LOAN UP TO 100%*
LOW ROI @6.99%*
LOW EMI ₹49* PER DAY
^GET GST BENEFIT UP TO ₹14000/-

| MODELS | NEW PRICE (Ex- Showroom) | OLD PRICE (Ex- Showroom) | SAVINGS (Ex- Showroom) |
|---|---|---|---|
| Activa STD 2B | ₹76537 | ₹83411 | ₹6874 |
| Activa 125 2B | ₹91270 | ₹99468 | ₹8198 |
| Dio STD 2B | ₹72397 | ₹78899 | ₹6502 |
| Dio 125 STD 2B | ₹92049 | ₹100317 | ₹8268 |
| Shine 100cc 2B | ₹63372 | ₹69062 | ₹5691 |
| Shine 125 DRUM 2B | ₹78811 | ₹85890 | ₹7078 |
| SP 125 STD 2B | ₹86090 | ₹93823 | ₹7732 |
| SP 160 DISC 2B | ₹113822 | ₹124047 | ₹10225 |
| Hornet 2.0 2B | ₹145021 | ₹158049 | ₹13028 |
| Livo DRUM 2B | ₹75955 | ₹82776 | ₹6821 |
| Nx200 2B | ₹155615 | ₹169596 | ₹13980 |
| Unicorn 2B | ₹110960 | ₹120927 | ₹9967 |




MyHonda-India Customer Connect App
HDFC BANK Credit Card
IDFC FIRST Bank CREDIT CARDS
For more information give a missed call on 7230032200
होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा – 9785823333, ग्रैंड होंडा – 0771-4033794, वरूण होंडा – 0771-4005901, जी.के. होंडा – 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा – 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाउस): 0788-4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) – 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) – 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा (स्टेशन रोड) – 0788-4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) – 0788-4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) – 0788-4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा – 07744-223100, मनराज होंडा – 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा – 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा – 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)– 9425564232, बलौदा बाजार: किरण होंडा – 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा– 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा – 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा– 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा – 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा– 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा – 9644059600, 8720008800, 7970005301 For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com

## चिंतन

# जहरीली कफ सिरप बनाने वालों को मिले सख्त सजा

आप जिस दवा को जीवनदायनी समझ कर ले रहे हैं, उसमें जहर निकले और मौत का कारण बन जाए तो इसे मुनाफाखोरी के मोह में जीवन से खिलवाड़ कहें, लालफीताशाही का निकम्मापन या कुछ और, क्या कहेंगे। मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से अब तक 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में 2 सितंबर से अब तक 19 और राजस्थान में 4 बच्चे दम तोड़ चुके हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु और पंजाब ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। इसमें पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने और देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है। तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह दवा कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है। कानून तो अपनी कार्रवाई करेगा, लेकिन उनकी मानसिकता के बारे में सोचने भर से रूह कांप उठती है, जिन्होंने नौनिहालों की जिंदगी से ही खिलवाड़ कर दिया। बेचारे छोटे-छोटे बच्चे खांसी की दवा पीकर हमेशा के लिए सो गए। माता-पिता बच्चों को इलाज करवाने के लिए सरकारी अस्पताल से दवा दिलाएं और फिर कुछ ही घंटों में बच्चों के गुर्दे फेल हो जाएं और उनकी मौत हो जाए, यह भयानक, दर्दनाक और क्रोध पैदा करने वाला विषय है। क्या भरोसे के साथ बीमार बच्चों को सरकारी अस्पताल से दवा दिलवाना, माता-पिता की गलती है। बच्चों के माता-पिता और परिवार का अपनी आंखों के सामने बच्चों का हमेशा के लिए नींद में सो जाते हुए देखना दिल दहलाने वाला है, माता-पिता की चीखें परेशान करने वाली है, लेकिन क्या मासूमों की मौत के इस तांडव से हमारे सरकारी अमले की नींद टूटेगी या फिर वो अब भी पहले की तरह खर्राटें ही लेते रहेंगे। 2023 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि भारत में बनने वाले कफ सिरप बच्चों की सेहत के लिए ठीक नहीं हैं। यह आदेश पंजाब स्थित क्यूपी फार्माकेम लिमिटेड द्वारा निर्मित गुआइफेनेसिन टीजी सिरप के परीक्षण के बाद दिए थे। अब मध्यप्रदेश में जिस सिरप का इस्तेमाल हुआ, वह तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स की फैक्ट्री में बना था। तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग ने इस फैक्ट्री से लिए गए कोल्ड्रिफ सिरप के सैपल की जांच की, जिसमें 48.6 प्रतिशत डाईएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया। यह बेहद जहरीला रसायन है, जो किसी भी फार्मा प्रोडक्ट में तय मात्र से ज्यादा नहीं होना चाहिए। तय है कि पैसों का लालच ही इन मौतों की एकमात्र वजह है और इसलिए जहरीली खांसी की दवा में सस्ती और घटिया रसायन मिलाकर इसे बनाया गया। सरकार ने अब दवाओं का स्टॉक वापस मंगवाकर नष्ट कराने जैसे उपाय शुरू किए हैं। जो काम पहले हो जाना चाहिए था, जो जांच पहले हो जानी चाहिए थी, दवाओं का जो गुणवत्ता नियंत्रण और परीक्षण पहले हो जाना चाहिए था, उसे अब किया जा रहा है। सरकार को चाहिए कि ऐसी कंपनी को तुरंत सील करे, जिसने मासूम बच्चों के जीवन से खिलवाड़ किया। दवा उत्पादन की लागत कम और मुनाफा बढ़ाने के लिए कफ सिरप में सस्ते और जहरीले रसायन को प्रयोग किया गया, जिसके चलते बच्चों की मौतों का यह तांडव हुआ। इसकी तुरंत जांच करवाकर इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए और सख्त से सख्त सजा दी जाए, ताकि दोबारा से कोई ऐसी हिमाकत ही न करे।



# वायुसेना को और मजबूत बनाना होगा

**वायु सेना दिवस**
डॉ. एलएस यादव

> भारती वायुसेना अब 94वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इन 93 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई मौके आए जब वायुसेना के जांबाजों ने दुश्मनों के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। ऑपरेशन सिंदूर में तो वायुसेना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले भी हर चुनौती के समय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया और हर युद्ध को जीतने में अहम भूमिका निभाई है। अब जरूरत है वायुसेना को और मजबूती देकर उसे शक्तिमान बनाने की। मिग-21 विमानों के दो स्क्वाड्रनों के रिटायर हो जाने के बाद अब भारतीय वायुसेना की जरूरत 42 स्क्वाड्रनों की जरूरत है इसे हर हाल में जल्द पूरा करना होगा।

आठ अक्टूबर 1932 से धीरे-धीरे प्रगति करती हुई भारतीय वायुसेना अपने 93 वर्ष पूरे कर 94वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इन 93 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई अवसर आए जब वायुसेना के जांबाजों ने शत्रु के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। ऑपरेशन सिंदूर में तो वायुसेना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले भी हर चुनौती के समय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया है और प्रत्येक युद्ध को जीतने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान भी अपनी वायुसेना की ताकत बढ़ाने में लगा हुआ है और चीन के पास यह ताकत कम नहीं है। ऐसे में पाक व चीन सीमा पर चुनौतियां काफी बढ़ी हुई हैं। भारतीय वायुसेना के पास इस समय 29 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान हैं। मिग विमानों के रिटायर होने के बाद यह संख्या और घट गई। इस कारण वायुसेना को तत्काल 250 लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। चीन व पाकिस्तान से मिलने वाली सामरिक चुनौतियों के मद्देनजर भारत के पास करीब 45 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए।

इन चुनौतियों के मद्देनजर भारत सरकार सीमान्त मोर्चों पर किसी भी दुश्मन को कोई अवसर देना नहीं चाहती। भारतीय वायुसेना की ओर से विमान बेड़ा बढ़ाने के लिए 114 मेक इन इंडिया राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को दिया है। इन विमानों की कीमत दो लाख करोड़ से ज्यादा होगी। इन विमानों का निर्माण फ्रांस की डसाल्ट एविएशन कंपनी और भारतीय एयरोस्पेस कंपनियां मिलकर करेंगी। मेक इन इंडिया राफेल में 60 फीसदी सामान स्वदेशी होगा। रक्षा मंत्रालय इस पर कब निर्णय लेगा यह पता नहीं, लेकिन वायु सेना इस सौदे को जल्द फाइनल करना चाहती है, क्योंकि वायुसेना के विमान लगातार कम होते जा रहे हैं। इससे भारतीय वायुसेना की ऑपरेशनल क्षमता प्रभावित हो रही है। मिग-21 विमानों के दो स्क्वाड्रनों के रिटायर हो जाने से यह समस्या और बढ़ गई है। हालांकि भारतीय वायुसेना की जरूरत 42 स्क्वाड्रनों की है, लेकिन दक्षिण एशिया की स्थिति और भू-राजनातिक उथल-पुथल को देखते हुए यह संख्या कम है। इन स्थितियों या दो मोर्चों पर युद्ध छिड़ने की स्थिति से निपटने के लिए 45 स्क्वाड्रन होना बेहतर होगा।

भारतीय वायुसेना की इस कमी को दूर करने के उद्देष्य से भारत सरकार ने स्वदेशी लड़ाकू विमानों पर भरोसा जताया है। इसके लिए पिछले दिनों ही 180 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद का आर्डर दिया है। विदित हो कि वर्ष 2021 में 46000 करोड़ रुपये की लागत से 83 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। इस मंजूरी के मुताबिक इनकी आपूर्ति हो जानी चाहिए थी, लेकिन अभी तक नहीं हुई है। फिर भी सरकार ने वायुसेना की ताकत बढ़ाने के उद्देश्य से अगस्त 2025 में 62,000 करोड़ रुपये की लागत से 97 विमानों की खरीद को मंजूरी प्रदान कर दी गई। इन विमानों को बनाने वाली कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) का कहना है कि वह इसी महीने से इन विमानों की आपूर्ति प्रारम्भ कर देगी। दरअसल, इन विमानों की आपूर्ति में देरी का मुख्य कारण अमेरिकी इंजनों की आपूर्ति है। एचएएल ने अमेरिका की जीई कंपनी से '404 इंजन'



लेने का समझौता कर रखा है। इस समझौते के मुताबिक इन इंजनों की आपूर्ति मार्च 2024 में शुरू होनी थी, परन्तु ऐसा नहीं हो पाया। जीई कंपनी ने इस साल पहला इंजन अप्रैल में, दूसरा जुलाई में और तीसरा सितम्बर में दिया। अब तक मात्र तीन इंजनों की ही आपूर्ति हो सकी है। डील के मुताबिक जीई कंपनी को हर माह दो इंजनों की आपूर्ति करनी थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा। इस देरी से वायुसेना काफी चिंतित है। कुछ समय पहले वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने खुद कहा था कि बीते 40 साल से एचएएल तेजस निर्माण में लगा है, लेकिन अभी तक 40 विमानों की आपूर्ति नहीं कर पाया है। भारतीय वायुसेना के पास तेजस के दो ऑपरेशनल स्क्वाड्रन हैं। अगर इंजनों की आपूर्ति तेजी से हो तो एचएएल दो से ढाई दर्जन विमानों की आपूर्ति सालाना कर सकता है।

अमेरिकी इंजनों की आपूर्ति में देरी के कारण भारत अब फ्रांस के साथ मिलकर लड़ाकू विमानों के लिए इंजन बनाएगा। इसके लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान के बीच संयुक्त परियोजना को सरकार जल्द ही स्वीकृति प्रदान कर सकती है। सफ्रान कंपनी भारत के पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमानों के लिए उन्नत जेट इंजनों के विकास और उनके निर्माण में मदद करेगी। इससे भारतीय सेना और मजबूत होकर उभरेगी और चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगी। इस परियोजना का मुख्य लक्ष्य दोहरे इंजन वाले उन्नत मध्यम लड़ाकू विमानों के लिए भारत में 120-किलोन्यूटन इंजन का विकास और उत्पादन करना है। इस काम के लिए सफ्रान कंपनी प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण करेगी। डीआरडीओ की गैस टरबाइन रिसर्च एस्टैब्लिशमेंट के साथ मिलकर बनाई जाने इस परियोजना की अनुमानित लागत तकरीबन सात अरब डॉलर होगी। यदि यह मंजूरी मिलती है तो भारत उन विशिष्ट देशों के समूह में शामिल हो जाएगा, जिनके पास अपने विमान इंजन डिजाइन विकसित करने की क्षमता है। वर्तमान में ऐसे इंजन बनाने की यह तकनीक केवल अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस के पास है।

राफेल लड़ाकू विमान बढ़ाने की तैयारी के साथ ही भारत रूस के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 के भारत में ही बनाए जाने की तैयारी में लगा हुआ है। रूस ने भारत को एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान की सौ फीसदी तकनीक के साथ-साथ सोर्स कोड दिए जाने का ऑफर दे रखा है। इस ऑफर में रूस ने यह भी कहा है कि अगर भारत इसके लिए तैयार होता है तो एचएएल के जिस प्लांट में सुखोई-30 एमकेआई का उत्पादन होता है उसी प्लांट में एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान का उत्पादन शुरू हो सकता है। इस काम के लिए रूस की एक टीम जल्द ही एचएएल के नासिक प्लांट का दौरा करने वाली है। एसयू-57 एक बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान है जो हवाई श्रेष्ठता, जमीनी हमले, टोही मिशन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में सक्षम है। इसमें लम्बी दूरी की आर-37 एम मिसाइलें लगी हुई हैं, जिनकी मारक क्षमता 400 किलोमीटर तक है। इसके अलावा इसमें हाइपरसोनिक मिसाइलें भी लगी हुई हैं, जिनमें उन्नत एवियोनिक्स, कृत्रिम वुद्धिमत्ता और सुपरकंडक्टिविटी का बेहतर संयोजन है। इस बीच अमेरिकी प्रशासन भी भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान के सौदे का ऑफर दे रहा है, लेकिन भारत ने इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई है। कुल मिलाकर भारत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के निर्माण की तरफ आगे बढ़ चुका है। निश्चित है कि अब वायुसेना का विमान बेड़ा बढ़ जाएगा और भारत अपनी भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगा और अपनी सीमाओं की पूर्ण रूप से सुरक्षा कर पाएगा।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## अपराध
डॉ. रमेश ठाकुर



# हेल्थ सिस्टम पर 'कलंक' है 'कफ सिरप' हादसा

कफ सिरप कांड की चर्चाएं इस समय भारत में ही नहीं, पूरी दुनिया में हैं। दिल-दहला देने वाली कथित 'कफ सिरप' घटना के गर्भ से उपजे इस अक्षम्य अपराध ने लोगों का ध्यान एकाएक भारत में कुकुरमुत्तों की तरह सक्रिय नकली फार्मा कंपनियों की ओर खींचा है। सरकारों की मिलीभगत से जाली फार्मा कंपनियों का जाल इस समय देश में गुपचुप तरीके से फैला है। नकली दवाइयों के निर्माण में अभी तक चीन ही बदनाम था। पर, 3 वर्ष पहले जब भारतीय फार्मा कंपनियों द्वारा निर्मित नकली कफ सिरप के पीने से अफ्रीकी देशों में 50 से अधिक जब बच्चों की मौत हुई, तो दुनिया की नजरों में भारत आ गया। इससे भारतीय फार्मा कंपनियों की जमकर थू थू भी हो रही है। अफ्रीकी बच्चे जब भारत में बनीं कफ सिरप पीकर मरे, तब, केंद्रीय हुकूमत ने जुर्माने सहित तमाम कठोर कदम उठाए थे। यहां तक कि कई फार्मा कंपनियों को ब्लैकलिस्ट और कइयों के लाइसेंस तक रद किए गए थे, लेकिन कुछ समय बीतने के बाद वह कंपनियां चुनावी चंदा देकर बहाल हो गई थीं। दुख इस बात का है कि अफ्रीका जैसी घटना की पुनरावृत्ति अब भारत में हुई है। राजस्थान-मध्य प्रदेश में कफ सिरप के सेवन से हुई बच्चों की मौत ने सभी को झकझोर दिया है। घटना की तपिश पूरे देश में आग की तरह फैली हुई है। सभी जानते हैं कि जेनेरिक दवाओं के वितरण में बड़ा गोलमाल होता है। ऐसी खबरें भी समय-समय पर आती हैं कि नकली दवा के सेवन से मरीजों की किडनियां खराब हुईं, जिससे उनकी मौत भी हुई। आमजन से लेकर सरकारें भी इस सच्चाई से वाकिफ होती हैं कि दवा क्षेत्र में बड़े माफिया सक्रिय हो चुके हैं, जिनकी पहुंच सीधे-सीधे हुकूमतों तक होती है। इसलिए शिकायतों पर सरकारी तंत्र चुप रहता है। गलतियों पर आंख मूद लेता हैं। थोड़ी बहुत कार्रवाई की बात उठती है तो दवा माफिया कमिशन के नाम पर मोटा माल चढ़ाकर मामले को रफादफा करवा ही लेते हैं। लेकिन उनके ये कृत्य कई बेकसूर मरीजों की जान ले लेते हैं। भारत में निर्मित दवाओं की गुणवत्ता कई समय से सवालों के घेरे में है। जेनेरिक दवाओं के वितरण में भारत में करीब 15 से 20 हजार औषधि केंद्र संचालित हैं, जबकि, इनकी संख्या इस साल के अंत तक 25 हजार तक पहुंचाने का लक्ष्य केंद्र सरकार ने निर्धारित किया हुआ है, लेकिन इनके भीतर कितना गड़बड़झाला है, जिसकी भनक मरीजों को जरा भी नहीं है। फार्मा कंपनियों और कमिशनखोरों को अच्छे से पता होता है कि मरीज दवाओं के नाम पर जहर भी गटक जाएंगे, तो उन्हें पता थोड़ी न चलेगा? दवाइयों के सेवन से हुई मौतों के गुनाहगारों पर कभी कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती? आरोपियों पर दोष तक सिद्ध नहीं होते, उससे पहले ही आजाद हो जाते हैं। इस तंत्र में सभी मिले होते हैं। एक मुनाफा खाता है तो दूसरा कमीशन? बहरहाल, मौजूदा 'कफ सिरप' के पीने से हुई बच्चों की मौत ने न सिर्फ स्वास्थ्य सिस्टम को हिलाया है, बल्कि पूरा देश सोचने पर मजबूर है।

कफ सिरप के नाम पर भारत में बीते कई वर्षों से मासूमों को जहर पिलाया जा रहा है। भांडा तब फूटा जब दर्जन भर के करीब बच्चे मौत के मुंह में समा गए। इतनी बड़ी घटना घट जाने के बाद भी कोई जिम्मेदारी नहीं ले रहा। मुद्दे को शांत करने और खानापूर्ति के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई और दिखावे की धरपकड़ हो रही है। गलत दवा लिखने वाले चिकित्सकों पर कड़ा एक्शन हो? और मुनाफा कमाने के भूखे केमिस्ट विक्रेताओं पर सरकारी चाबुक चले, ऐसी कल्पना सभी करते हैं। लेकिन दुर्भाग्य ऐसा होता नहीं? भारत में करीब 3,000 से अधिक दवा कंपनियां रजिस्टर्ड हैं, जिनके पास 10,500 से अधिक विनिर्माण इकाइयां हैं। यह उद्योग जेनेरिक दवाओं के निर्माण और आपूर्ति पर केंद्रित है। दवा निर्माण में भारत वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण स्थान रखता हैं। लेकिन अपने काले कारनामों के चलते ये फार्मा कंपनियां सभी की नजरों में आ गई हैं। भारतीय फार्मा उद्योग का कुल बाजार 2030 तक 130 मिलियन अमेरिकी डॉलर और 2047 तक 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, केंद्र सरकार कफ सिरप कांड को लेकर एक्शन में है। छोटे बच्चों को खांसी में कफ सिरप नहीं देने को लेकर एक एडवाइजरी जारी कर चुकी है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया है। लेकिन उन बच्चों का क्या जो किसी की लापरवाही के चलते अपना जीवन गवा गए। क्या उनके परिजनों को महज 4-4 लाख रुपये का मुआवजा देकर उनके जख्मों को भरा जा सकेगा? शायद कभी नहीं? ऐसे सख्त आदेश पहले भी दिए गए। ऐसे मुद्दे जैसे ही शांत होते हैं, कार्रवाही भी दम तोड़ देती हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## यह मन का कमाल है



संकलित
**दर्शन**

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।

## जब मन अशांत हो, इष्टदेव के मंत्रों का जप करें



संकलित
**प्रेरणा**

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्रिकेट का चमकता सितारा यशस्वी जायसवाल

भारतीय क्रिकेट में नई पीढ़ी के खिलाड़ियों का दौर जारी है और इस दौर का सबसे चमकता सितारा निस्संदेह यशस्वी जायसवाल हैं जिनकी कहानी संघर्ष से सफलता तक का प्रतीक बन चुकी है। मुंबई के आज़ाद मैदान के टेंटों से लेकर भारतीय टीम की जर्सी तक का उनका सफर लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। अब भारतीय क्रिकेट में अगली उम्मीद है वनडे क्रिकेट में उनका नया अध्याय। टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी ने पहले ही अपने प्रदर्शन से दुनिया को चौंका दिया है। उनका 171 रनों का डेब्यू शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ और फिर इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापट्टनम में खेली गई 214 रनों की ऐतिहासिक पारी उनकी क्षमता और परिपक्वता का प्रमाण हैं। इतनी कम उम्र में उनकी उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। *- प्रदीप जैन, कांकेर*

## करंट अफेयर

### संरा की शांति वार्ताओं से महिलाएं नदारद: गुतारेस



संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने मंगलवार को इस बात पर चिंता जताई कि महिलाएं अक्सर शांति वार्ताओं से अनुपस्थित रही हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति तब है जब शांति प्रयासों में महिलाओं की समान भागीदारी वाले संयुक्त राष्ट्र के ऐतिहासिक प्रस्ताव को जारी हुए 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला एजेंसी की प्रमुख ने भी चिंता व्यक्त की है कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ यौन हिंसा बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि 67.6 करोड़ महिलाएं घातक संघर्षों के 50 किलोमीटर के दायरे में निवास कर रही हैं। यह संख्या 1990 के दशक के बाद से सबसे अधिक है। संरा महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा, 'पूरी दुनिया में हम सैन्य खर्च में परेशान करने वाले रुझान, अधिक सशस्त्र संघर्ष और महिलाओं तथा लड़कियों के खिलाफ और भी अधिक चौंकाने वाली क्रूरता देख रहे हैं।' गुतारेस ने बताया कि 31 अक्टूबर, 2000 को इस प्रस्ताव को अपनाने के बाद कुछ प्रगति अवश्य हुई है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के रूप में वर्दीधारी महिलाओं की संख्या दोगुनी हो गई है। इसके अलावा महिलाओं ने स्थानीय मध्यस्थता का नेतृत्व किया है, लैंगिक-आधारित हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय को आगे बढ़ाया है।

## ऑफ बीट

### आहार की नई सिफारिश में अधिक सब्जियों पर जोर



ईएटी-लैंसेट आयोग का कहना है कि पिछले सप्ताह जारी उनके 'प्लैनेटरी हेल्थ डाइट' को अपनाने से दुनिया भर में प्रतिदिन 40,000 समयपूर्व मौतों को रोका जा सकता है और 2050 तक कृषि से होने वाले मीथेन उत्सर्जन में 15 प्रतिशत की कमी लाई जा सकती है। इस आहार में अधिक सब्जियों, फल, साबुत अनाज, दालें और मेवे शामिल करने की सिफारिश की गई है, जबकि मांस, मछली, मुर्गी और दुग्ध उत्पाद को सीमित मात्रा में रखा गया है। यदि आप एक थाली की कल्पना करें, तो उसका आधा हिस्सा सब्जियों और फलों (जिनमें सब्जियां अधिक हों) से भरा होना चाहिए। बाकी आधे हिस्से में साबुत अनाज और वनस्पति आधारित प्रोटीन हों। इसमें थोड़ी मात्रा में पशु उत्पाद और स्वस्थ वसा के लिए स्थान है, लेकिन अतिरिक्त चीनी बहुत कम रखी जानी चाहिए। विशेष रूप से मक्खन का कहीं जिक्र नहीं किया गया। सबसे विवादास्पद सिफारिश है-मांस की मात्रा : केवल 14 ग्राम प्रतिदिन लाल मांस और 29 ग्राम प्रतिदिन चिकन। न्यूजीलैंड का पारंपरिक आहार इस सिफारिश से काफी अलग है। लेकिन देश भर में किशोर लड़कियों पर किए गए एक हालिया अध्ययन से संकेत मिलता है कि अब एक बदलाव आ रहा है और अधिकतर लड़कियां वनस्पति आधारित आहार को अपना रही हैं।

## ट्रेंड

### सहयोगियों पर हमला निंदनीय



पश्चिम बंगाल में भूस्खलन से प्रभावित लोगों की सेवा करने वाले हमारे पार्टी सहयोगियों पर जिस तरह से हमला किया गया, वह बेहद निंदनीय है। यह तृणमूल कांग्रेस की असंवेदनशीलता है।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### अतिरिक्त राशि स्वीकृत



जम्मू एवं कश्मीर में बाढ़ के कारण कई जगह मकान टूट गए। घरों के निर्माण के लिए 1,30,000 की मूल सहायता के साथ 40,000 की अतिरिक्त राशि शौचालय निर्माण के लिए हमने स्वीकृत कर दी है ताकि वे निर्माण कर सकें।
**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**

### पीएम मोदी का आभार



मैं जम्मू-कश्मीर के किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त समय से पहले जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान का अत्यंत आभारी हूं।
**-मनोज सिन्हा, उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर**

### शर्मनाक घटना



मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंका गया। यह हमारे लोकतांत्रिक और न्यायिक इतिहास की एक शर्मनाक घटना है। 2014 के बाद जिस तरीके से राजकीय संरक्षण में विभिन्न-विभिन्न माध्यमों से देश में घृणा और हिंसा को नॉर्मलाइज किया गया है यह उसका दुष्परिणाम है।
**-तेजस्वी यादव, राजद नेता**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# देवार जाति की स्त्रियों द्वारा गाई जाती है बीरम गीत

लोकगीत

शकुन्तला वर्मा



छत्तीसगढ़ अंचल में खानाबदोश देवार जाति की स्त्रियों द्वारा बीरम गीत गाई जाती है। घुमक्कड़ स्वभाव के कारण इन प्रचलित बीरम गीतों में विभिन्न क्षेत्रों के ऐतिहासिक संदर्भों का बखान मिलता है। बीरम गीत के बीच जब स्त्रियां चूड़ी खनकाती हैं, तब यह गीत उनके करुण एवं हृदय विदारक जीवन से मिलकर रस की वर्षा करता है। बीरम गीत में नारी जीवन की चिरंतर व्यथा का विशेष रूप से चित्रण हुआ है। नारी अपने मायके में सुखी जीवन जीती है पर ससुराल के नाम से वह व्यथित हो जाती है। देखें यह भाव इस गीत में -

मइके के खोल बड़ सोहन मोर ददा, रेंग लेहो बइहा झकोर।
ससुरे के खोल बड़ साकुर मोर ददा, रेंग लेहो बइहा सकेल।

इस गीत में माइके और ससुराल के मध्य अपने हृदय के अंदर पनप रहे भाव को पिता के समक्ष प्रकट कर रही है। एक अन्य पंक्ति जिसमें अपनी पीड़ा इस तरह व्यक्त करती हैं -

*अंगना में कुआं खनाय लेते मोर ददा, धियरी ल देते धकेल।*
*ऊपर पथना पिटाई देते मोर ददा ओ गंगा कर लेते असनान।*

आगे कहती है कि आप घर के आंगन में कुआं खुदवा कर उसमें मुझे धकेल देते और फिर गंगा स्नान कर लेते।

एक और भाव इस पंक्ति में -

*उड़त चिरैया ल तै झन टिपिबे गा पीठ के बहिनी समान।*
*अपन घर बेटवा अऊ पर घर बिटिया गा जोड़ी लिखीन भगवान।*

यह गीत के माध्यम से कहना चाहती है कि चिड़िया को मत मारो बहन के समान होती है। बेटा घर का और बेटी पराए घर की होती है। यह जोड़ी तो भगवान की बनाई हुई है।

चिन्हारी

बद्री प्रसाद पारकर

## खेती किसानी म नंदावत हे तुतारी



बेरा ल देखत छत्तीसगढ़ अंचल के खेती किसानी के तरीका संग ओमा उपयोग में आने वाला जरूरी समान में घलव बदलाव देखे जावत हे। ओहि म बईला मन ल काबू में करे खातिर तुतारी के उपयोग करे जाए। सुदूर अंचल जिहा आधुनिक विकास के पांव नी पहुंचे हे, उहे भर तुतारी के उपयोग होवत हे। आने वाला बेरा मे तुतारी काय होथे वोला जानना घलव मुश्किल हो जाहि। पहली लकड़ी आऊ बांस के कमी नी होवत रीहिस, जादा कर के लकड़ी या बांस के तुतारी बनाए जाए। ए तुतारी के उपयोग नागर जोते के बेरा, गाड़ी में फांदे बईला मन ल खेदे के काम आवत रीहिस। बईला मन हांकने वाला के हाथ में तुतारी ल देख के सोज रद्दा में रेंगत रीहिस। तुतारी ल लगभग 4 से 6 लंबा बांस या लकड़ी के पतला अकार के गोल रहय। तुतारी के आगू कोती खिला ठोक दें। वोकर बाद वो भाग ल नुकीला बना दे जाय। ओहि ऊपरी भाग में जानवर के खाल के चमेटा लगावय। तुतारी के उपयोग जानवर के पिछु भाग ल कोचके के काम आय। आगू भाग नुकीला होय के सेती जानवर के तन के ऊपरी भाग ह बेधा जात रिहिस। एकर ले जानवर के तन ले लहू निकल जथे, कभू कभू घाव घलव बन जाथे। येला बने होय में कतको दिन लग जाए। एक प्रकार ले जानवर मन के वोतक बेरा परीक्षा होवत रीहिस। अब तो पहली जईसे लकड़ी मिले न बांस, नंदाय के यहू एक ठन कारण आय।

खानपान

आशा ध्रुव

## बस्तरिया पकवान



बस्तर अंचल में रोटी को पीठा कहा जाता है। गुड़ और चावल के आटे के मिश्रण से तैयार एक तरह की तली हुई मीठी को आरसा पीठा कहते हैं। गेहूं आटे को दही के साथ गूंथ कर तेल में तली व्यंजन को सोहारी कहते हैं। चने के बेसन से बनी आम बोलचाल की भाषा में भजिया कहलाती है जिसे यहां के माडिया निवासी डाजेया कहते हैं। चावल आटे को गुड़ के साथ तेल में तली व्यंजन को गुलगुला कहा जाता है। इसी तरह गुड़ और चावल आटे के मिश्रण को पहले जलेबी का आकार दिया जाता है फिर सुखाया जाता है जिसे खाजा कहा जाता है। लाई, राजगीर और तिल को गुड़ में मिला कर सेकी जाती है और लडडू जय आकार दिया जाता है जिसे चापा लाडू कहते हैं। चावल आटे और गुड़ को तेल में मिला कर गर्म किया जाता है इसके बाद ठंडा होने पर गोलाकार चपटा किया जाता है जिसे बोबो यह गुला पीठा कहते हैं। इसी तरह चावल आटे, गेहूं आटे, बेसन और गुड़ के मिश्रण से ही कूकड़ा मिठई, चकली, केरी और गांजा मिठई बनाई जाती है। यह पकवान दशहरा और दीवाली के अवसर पर घर में लोग बनाते हैं। मेला मड़ई और साप्ताहिक हाट बाजारों में भी यह पकवान बिकने के लिए आती हैं। हल्बा, पनारा, राऊत धाकड़, मुरिया और दोरला जाति के लोग पकवान यहां पकवान बनाने में माहिर माने जाते हैं।

### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

लोक नाट्य

नंदकिशोर तिवारी

# छत्तीसगढ़ी रंगमंच का रोचक इतिहास



छत्तीसगढ़ में 1740 में मराठों का शासन काल आया। इनकी स्थापना का असर अंचल की कला और संस्कृति पर भी पड़ा। बीसवीं सदी के सातवें दशक से नेमीचंद जैन द्वारा संपादित नटरंग पत्रिका में हबीब तनवीर का नाचा पर केंद्रित कुछ लेख प्रकाशित हुआ। इसी दौरान अस्सी के दशक में राजिम में उनके द्वारा आयोजित नाट्य वर्कशॉप महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है। छत्तीसगढ़ी रंगमंच पर इन घटनाओं का ज़बरदस्त प्रभाव पड़ा। कतिपय विद्वान चनैनी नृत्याभिनय को छत्तीसगढ़ी रंगमंच की प्रारंभिक अवस्था मानते हैं। चनैनी लोरिक और चंदा की प्रेम गाथा है। भक्ति आंदोलन के प्रभाव के फलस्वरूप भारत में भगवान राम और कृष्ण की लीलाओं का मंचन प्रारंभ हुआ। इससे मिलती जुलती कथा को लेकर छत्तीसगढ़ी में भी एक लोकगीत मिलता है। यह गीत डा. श्यामाचरण दुबे की पुस्तक ' फील्ड सांग्स आफ छत्तीसगढ़ ' में ' बोधरू गीत ' के नाम से संकलित है। बोधरू गीत को परम्परा से जोड़ा जाए तो छत्तीसगढ़ रंगमंच की परम्परा मुगलकालीन प्रतीत होता है। भारत की आजादी के आसपास कृष्ण लीला मंडली की स्थापना का प्रभाव क्षेत्र सिर्फ बिलासपुर जिला था। वर्तमान उड़ीसा और महाराष्ट्र का एक बड़ा भू भाग क्रमशः 1905 और 1956 के पूर्व मिलकर छत्तीसगढ़ प्रांत कहलाता था। इस कारण उड़ीसा में चैतन्य महाप्रभु के भक्ति आंदोलन का प्रभाव छत्तीसगढ़ में पड़ा। भगवान कृष्ण की परिक्रमा करते कीर्तन की परम्परा प्रारंभ हुई। यह परम्परा आगे बढ़ कर रहस का रूप लिया। रहस की इस नाट्य परम्परा को राधा विहार और बृज विलास नामक कृतियां निरंतरता प्रदान करती हैं। इसी समय महाराष्ट्र का लोक मनोरंजन का साधन नाचा छत्तीसगढ़ में अपना रंग जमाने लगा। इसी काल खण्ड में दाऊ रामचंद्र देशमुख ने रंगमंच की दुनिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस प्रकार एक लंबे समय से छत्तीसगढ़ी में नाट्य लेखन की परम्परा तो मिलती है, किन्तु मंच के अभाव में निरर्थकता का शिकार भी हो रही है।



लोक साहित्य: डा. जीवन यदु

# ददरिया में भावों से भरा काव्य बिम्ब

छत्तीसगढ़ में कृषि कार्य के समय ददरिया श्रम परिहार का गीत ही नहीं है वह समझदार लोक का काव्य भी है, जिसमें सामाजिक जीवन के अनेक क्षेत्रों की अभिव्यक्तियां हैं, काव्य सम्मत प्रतीक और बिम्ब भी है। प्रतीक और बिम्ब मनुष्य की लम्बी यात्रा में संग्रहित अनुभवों के काव्य रूप होते हैं। यदि लोक गीतों में प्रतीक और बिम्ब



आते हैं तो इसका अर्थ यही निकलता है कि लोक उतना नासमझ नहीं है, जितना कि उसे समझ लिया गया है। इसके उल्टे वह काव्य की समझ रखने वाला समाज है। काव्य में प्रतीकों में कुछ कह देना समझदारी वाला काम है। पुराने पड़ते प्रतीकों से बिम्बो का जन्म होता है। बिंबों से हमें ऐसे



छाया लोक के दर्शन होते हैं जहां से काव्य में शब्द, पद , पंक्ति, समय और स्थान के अनुसार व्यंजना प्रधान संकेत प्रकट करने लगते हैं तब हम उसे एक ही सीमित अर्थ में बांध नहीं सकते हैं किन्तु वे वर्तमान में प्रवेश कर जाते हैं यही उसकी काव्य सफलता होती है। ददरिया लोक गीत में जो लोक मन उभरता है, वह अन्य लोकगीतों में उपस्थित लोक मन की तरह विस्तृत और विशाल है। इस लोक मन का कोई ओर है न छोर। धरती आकाश को एक साथ पा लेना इस लोक मन के लिए एकदम सहज है। लोक मन अपने भूगोल ज्ञान से शिक्षितों और भौगोलिक ज्ञान को चुनौती देता है। वह ग्रह नक्षत्रों को अपनी हथेली पर रखे पुलकित हो जाता है।

ऐतिहासिक

बाबू मावली प्रसाद श्रीवास्तव

# पूर्वकालीन डिस्ट्रिक्ट कौंसिल और शिक्षा व्यवस्था

प्राचीन काल में गुरुकुल, ऋषिकुल और तपस्वियों के आश्रम, कॉलेज और स्कूल की व्यवस्था निभाते थे। छत्तीसगढ़ में प्राचीन समय में कुल पुरोहित, मंदिरों के महंत और पुजारी जनता को उच्च शिक्षा के साथ शिक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाते थे, इसके बदले में जनता इन्हें जागीरें देती थीं। शिक्षा व्यवस्था बेहतर और संस्कारयुक्त होती थी।

व्यवस्था परिवर्तन के साथ शिक्षा व्यवस्था में भी परिवर्तन हुआ। राजा महाराजाओं और अंग्रेजों के शासन व्यवस्था के बाद स्वतंत्र भारत में शिक्षा व्यवस्था की बागडोर शासन के हाथों में आ गई। सन 1864 में नागपुर मुनिस्पलिटी बनी और सन 1867 में 43 अन्य शहरों में। अविभाजित म. प्र. में शिक्षा व्यवस्था सन 1882 में स्थापित हुआ। इस विभाग ने कालेजों और हाईस्कूल की निगरानी करने, शिक्षकों को प्रशिक्षित करने और देखरेख को उचित माना। देहातों और शहरों की प्राथमिक शिक्षा का सारा भार धीरे धीरे डिस्ट्रिक्ट कौंसिल और म्युनिस्पलिटियों को सौंपा गया। प्रांतीय सरकार कुछ अनुदान देने लगीं। स्थानीय व्यवस्था से बजट बनाकर विस्तारित किया जाने लगा। सन 1930-31 में म. प्र. और बरार की मुनिस्पलिटियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। इसके बाद लोकल बोर्डों की भी स्थापना हुई। निरन्तर इस दिशा में विकास के क्रम में आज की स्थिति में राज्य में अनेक निजी और शासकीय विद्यालय - विश्वविद्यालय उच्च और व्यवसायिक शिक्षा छात्रों को उपलब्ध करा रहे हैं।

सुरता : सुधा वर्मा

# शिक्षा के साथ समाजसेवी के लिए जाने गए डा. नरेन्द्र देव वर्मा

नरेन्द्र देव वर्मा का जन्म सेवाग्राम वर्धा नामक स्थान में 4 नवम्बर सन 1939 को हुआ था। उनके पिता स्व. धनीराम जी वर्मा एक शिक्षक थे। डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा अपने कुल 5 भाइयों में अकेले गृहस्थ थे।

केवल चालीस वर्ष में अपनी सृजनधर्मिता दिखाने वाले डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा, वस्तुतः छत्तीसगढ़ी भाषा-अस्मिता की पहचान बनाने वाले गंभीर कवि थे। हिन्दी साहित्य के गहन अध्येता होने के साथ ही, कुशल वक्ता, गंभीर प्राध्यापक, भाषाविद् तथा संगीत मर्मज्ञ भी थे।

**मैट्रिक के बाद** : बी.ए. के बाद एम. ए.की पढ़ाई के लिए सागर यूनिवर्सिटी में भर्ती हो गये। यहाँ उनकी पहचान एक वक्ता के रूप में सामने आई जब अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होने वाले वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए उन्हें सागर यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला और उन्हें इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में चुना गया। एम.ए. के बाद उन्हें प्रयोगवादी काव्य और साहित्य चिंतन शोध प्रबंध विषय पर सन 1966 में पी.एच. डी. की उपाधि प्राप्त हुई। उन्होंने रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से भाषा विज्ञान में एम. ए. किया और सन 1973 में विषय छत्तीसगढ़ भाषा का उद्भव विकास शोध प्रबंध के आधार पर भाषा विज्ञान में पी. एच. डी. की उपाधि प्रदान की गई।

आपका विवाह सिर्फ 18 वर्ष की आयु में ही हो गई थी। नरेन्द्रदेव जी के ज्येष्ठ भाई तुलेन्द्र (विवेकानंद आश्रम के स्वामी आत्मानंद ) बचपन से ही स्वामी विवेकानंद जी के दिखाए पथ का अनुसरण कर रहे थे। उनकी अपनी एक पहचान बन चुकी थी, परन्तु विवेकानंद के आदर्शों की उनकी इस आस्था का प्रभाव उनके भाइयों में पड़ना स्वाभाविक था। उनके पिता धनीराम जी द्वारा इसको भांप कर उनके दूसरे क्रम के भाई देवेंद्र और मात्र 18 साल के नरेंद्र की विवाह तय कर दी गयी। शादी वाले दिन देवेंद्र शादी स्थल से ही भाग गए और नरेंद्र देव वहां फंस गए। इसी कारण उनके परिवार में सिर्फ नरेन्द्र वर्मा ही इकलौते गृहस्थ जीवन यापन करने वाले सदस्य थे।



उनके बड़े भाई ब्रम्हलीन स्वामी आत्मानंद जी का प्रभाव उनके जीवन पर बहुत अधिक पड़ा था। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं दीर्घायु प्राप्त यशस्वी शिक्षक पिता स्व. धनीराम वर्मा के पाँच यशस्वी पुत्रों में डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा एकमात्र विवाहित और गृहस्थ थे। तीन पुत्र रामकृष्ण मिशन में समर्पित संन्यासी एवं एक पुत्र अविवाहित रहकर पं.रविशंकर विश्वविद्यालय में प्राध्यापक है तथा स्वामी आत्मानंद जी के 'स्वप्न केन्द्र' विवेकानंद विद्यापीठ के संचालक है। इस प्रकार डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा का जीवन विवेकानंद भावधारा से प्रभावित उत्तम संस्कारों का जीवन था-जहाँ छत्तीसगढ़ी संस्कृति की लोक भावधारा भी नदी के कल-कल ध्वनि की तरह बहती थी। डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा साहित्य के क्षेत्र में इतने अधिक प्रतिभावान थे की उनसे साहित्य का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं था वे एक कवि, उपन्यासकार, चिंतक, नाटककार, संपादक और श्रेष्ठ मंच संचालक थे।

**छत्तीसगढ़ी गीत संग्रहः** अपूर्वा (सुप्रसिद्ध संग्रह)

**हिंदी उपन्यासः** सुबह की तलाश (सोनहा बिहान छत्तीसगढ़ी रूपांतरित नाटक जो छत्तीसगढ़ में सुप्रसिद्ध नाटक है)

**हिंदी ग्रन्थः** छत्तीसगढ़ भाषा का उद्विकास, नयी कविता सिद्धांत एवं सृजन, हिंदी नव स्वच्छन्दवाद, हिंदी स्वच्छंदवाद प्रयोगवादी।

**छत्तीसगढ़ प्रहसनः** मोला गुरु बनाई लेते।

हिंदी अनुवादः श्री मां की वाणी, श्री कृष्ण की वाणी, मोंगरा, श्री राम की वाणी, पैगम्बर मोहम्मद की वाणी, ईसा मसीह की वाणी, बुद्ध की वाणी।

डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा के जीवन का दूसरा पक्ष लोककला से भी जुड़ा था। छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के यशस्वी और अनोखी प्रस्तुती देने वाले स्व. महासिंह चंद्राकर के रात भर चलने वाले लोकनाट्य 'सोनहा बिहान' के प्रभावशाली उद्घोषक हुआ करते थे। उनका स्वर, श्रोताओं और दर्शकों को अपने सम्मोहन में बांध लेता था। वे अपने अंतिम समय तक इसका संचालन करते रहे। जब यह स्वर अचानक बंद हुआ तो, उन्हीं की पंक्ति आकाश व धरती में गूँजने लगी-

' न जमो हर लेवना के उफान रे टलन जाही।
दुनिया अठवारी बजार '

डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा छत्तीसगढ़ी भाषा की अस्मिता के प्रतीक थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा और व्याकरण का ग्रंथ लिखा-छत्तीसगढ़ी का उद्विकास। छत्तीसगढ़ी अनेक छत्तीसगढ़ी कहानियाँ कथाकथन शैली में प्रकाशित हुई (सन 1962 से 65 के बीच) हिन्दी में ?सुबह की तलाश? उपन्यास, 'अपूर्वा' काव्य संकलन प्रकाशित हुआ। डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा ने यद्यपि गृहस्थ जीवन व्यतीत किया, फिर भी उनके अंतस में विवेकानंद भाव धारा एवं रामकृष्ण मिशन का गहन प्रभाव था। उनके हृदय में छत्तीसगढ़ के प्रति अपार प्रेम था। वे छत्तीसगढ़ी लोककला के प्रेमी, लोक संस्कृति के गायक और छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्य की परंपरा को समृद्ध करने वाले महत्त्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। वे कथाकार कवि और दार्शनिक तो थे ही, छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त भाषा-विज्ञानी भी थे। उन्होंने अपने गीतों की स्वरलिपि भी तैयार की।

' अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार,
इंद्रावती हा पखारे तोर पइयाँ,
जय हो जय हो छत्तीसगढ़ मइयाँ ।'

इस गीत के अमर रचयिता डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा ने छत्तीसगढ़ की वंदना के कई अविस्मर्णीय गीत लिखे।

डॉ. नरेन्द्र देव सिर्फ 40 वर्ष की उम्र में ही 8 सितम्बर 1979 को रायपुर में ब्रम्हलीन हो गए।

## करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को बनाता है मजबूत

# इस साल ये जोड़ियां मनाएंगी अपना पहला करवा चौथ

*नई दिल्ली। करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को और मजबूत बनाता है। इस बार कई नई शादीशुदा जोड़ियां अपना पहला करवा चौथ धूमधाम से मनाएंगी। ये जोड़ियां न केवल अपने रिश्ते को नया रंग देंगी, बल्कि फैंस के लिए भी यह त्योहार खास बन जाएगा। करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ये टीवी सेलेब्स भी करवा चौथ का जश्न मनाएंगे।*



### अरमान मलिक और आशना श्रॉफ

मशहूर सिंगर अरमान मलिक ने हाल ही में आशना श्रॉफ से शादी की है। यह उनका पहला करवा चौथ होगा, जो काफी खास होने वाला है। 2019 से एक-दूसरे को डेट करने के बाद अरमान मलिक और आशना श्रॉफ ने 2 जनवरी, 2025 को शादी की थी। दानों ने इंस्टाग्राम पर 'तू ही मेरा घर' के खास कैप्शन के साथ अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की थीं। अरमान मलिक एक मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर हैं, जबकि आशना श्रॉफ एक भारतीय फैशन और ब्यूटी ब्लॉगर, यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं।



### अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर

अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर ने हाल ही में सगाई की है, जिसकी शानदार तस्वीरे अभी भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने 2 अक्टूबर को रोहन से सगाई की है। हो सकता है कि अंशुला सगाई के बाद रोहन के लिए करवाचौथ का व्रत रखें।



### अविका गौर और मिलिंद चंदवानी

टीवी सीरियल 'बालिका वधु' से घर-घर प्रसिद्ध हुईं अविका गौर ने हाल ही में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी से शादी की है। उनकी शादी 'पति पत्नी और पंगा' के सेट पर हुई थी। यह अविका का पहला करवा चौथ होगा। अविका ने 'ससुराल सिमर का' समेत कई हिट शोज और वेब सीरीज में अभिनय किया है।

***झील मेहता और आदित्य दुबे** : अभिनेत्री झील मेहता ने आदित्य दुबे से विवाह किया है। नई दुल्हन झील इस त्योहार को पति के लिए व्रत रखकर सेलिब्रेट कर सकती हैं। झील मेहता ने अपने लंबे समय के साथी आदित्य दुबे से शादी की है। उन्होंने दिसंबर 2024 में भव्य शादी की थी। फिर फरवरी 2025 में अपनी कानूनी शादी (रजिस्ट्री) पूरी की। अभिनेत्री झील मेहता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोनू के किरदार के लिए मशहूर हैं।*

# ऐश्वर्या ने शेयर कीं पेरिस फैशन वीक की शानदार तस्वीरें



**पेरिस।** ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को पेरिस फैशन वीक 2025 में सितारों के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। उन्होंने सौशल मीडिया हैंडल पर बैकस्टेज की दो कमाल की ग्रुप फोटो शेयर कीं, जिनमें हॉलीवुड और फैशन की बड़ी हस्तियां नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में ऐश्वर्या काले रंग के स्टाइलिश कपड़ों में हेडी क्लम, वियोला डेविस, केंडल जेनर, एले फैनिंग, ईवा लोंगोरिया, एंडी मैकडॉवेल, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग जैसे सितारों के बीच खड़ी हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक सीढ़ी पर ली गई है, जहां सभी सितारे अपने-अपने ग्लैमरस कपड़ों में पोज दे रही हैं। यहां कैमिला कैबेलो, वियोला डेविस, एंडी मैकडॉवेल, हेडी क्लम, ईवा लोंगोरिया, एले फैनिंग, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग दिखीं। यह इवेंट लोरियल का सालाना रनवे शो 'ले डेफिले 2025' था, जो सौंदर्य और महिलाओं की ताकत पर जोर देता है।

# सिग्नल पर भीख मांगती थी फिल्मों की ये साइड एक्ट्रेस अनिल, आमिर की फिल्मों में किया था शानदार काम



**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों में कई ऐसे साइड किरदार नजर आए होंगे जो आपको पसंद तो बहुत हैं, लेकिन उनके बारे में कम ही जानकारी मौजूद है। ऐसी ही एक करैक्टर आर्टिस्ट थीं मिस मिमी। इन्हें आपने 90 के दशक की कई फिल्मों में अपने बढे हुए वजन के साथ देखा होगा। मिस मिमी कोई एक्टर नहीं थीं, बल्कि सिग्नल पर भीख मांगने वाली एक ऐसी लड़की थी जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। सिग्नल से फिल्मों तक का सफर किसी चमत्कार से कम नहीं था।

### आमिर की फिल्म से शुरुआत

आमिर खान और माधुरी दीक्षित की फिल्म दिल तो आपको याद ही होगी। इस फिल्म में एक बॉक्सिंग मुकाबले का सीन आता है, जहां आदिल ईरानी हार जाते हैं। उस हार के पेनल्टी के रूप में मिस मिमी उन्हें किस करती हैं। उसी एक सीन ने उन्हें नाम दिया मिस मिमी। इस बारे में एक इंटरव्यू में आदिल ईरानी ने बताया कि मिस मिमी को उन्होंने सड़क पर एक भिखारिन के रूप में देखा था, तब उनके भाई इंदर कुमार ऐसा लुक ढूंढ रहे थे। और उसी से इंस्पायर्ड होकर उन्होंने उस लड़की को दिल फिल्म में छोटा रोल दिया और एक्टिंग करवाई।

### मुंह से आती थी बदबू

| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |



रियासतकालिन परम्परानुसार दशहरा में शामिल होने आए सभी देवी देवताओं की विदाई के बाद सबसे अंत में मावलीमाता जाती हैं। जिस तरह बुधवार को मावली परघाव रस्म में माता का स्वागत किया गया था। उसी भव्यता व सम्मान के साथ मंगलवार को उन्हें विदाई दी गई।

# 75 दिन चलने वाले बस्तर दशहरा का समापन, मावली माता को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर दशहरा में शामिल होने आई दंतेश्वरी माईं की डोली को रियासतकालिन परम्परानुसार आज भव्य विदाई दी गई। 75 दिन तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे का समापन हो गया। सिंहड्यौड़ी के सामने बनाए गए सुसज्जित मंच में विराजित मावलीमाता की डोली को महाराजा कमलचंद्र भंजदेव द्वारा पुजारियों की मौजूदगी में पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई। तत्पश्चात महाराजा व अन्य सेवादारों ने दंतेश्वरी मंदिर से मावलीमाता को कंधा देकर शोभायात्रा निकालते हुए लगभग 3 किमी दूर जियाडेरा तक पहुंचाया।

### मावली माता की विदाई में कावड़ों में दी सामग्री

माईंजी की ससम्मान विदाई के दौरान कावड़ों में माईं जी को सामग्री प्रदान की गई। वहीं माता पुनः अगले वर्ष दशहरा में आए इसी कामना के साथ उन्हें विदा किया गया। अलग अलग कावड़ों में चावल, दाल, तेल, घी, साड़ी के अलावा पूजा सामग्री व अन्य सामान के साथ एक काले रंग का बकरा भी दिया गया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में दंतेवाड़ा व जगदलपुर दंतेश्वरी मंदिर के सेवादार मौजूद थे। इस दौरान डोली के आगे सैकड़ों की संख्या में महिलाएं कतार से सिर पर कलश उठाकर चल रही थी वहीं मुण्डाबाजा की धुन में माईं के जयकारे से पूरा मार्ग गूंज रहा था।

## खबर संक्षेप

### कार सवार ने ठोका, पूर्व मंत्री का पोता घायल

**राजनांदगांव।** लापरवाही से भागती कार के चालक ने पूर्व मंत्री स्व. लीलाराम भोजवानी के पोते को घर के सामने ठोकर मारकर घायल कर दिया, जिसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौखडियापारा निवासी प्रार्थी चंद्रेश भोजवानी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 5 अक्टूबर की रात लगभग सवा 10 बजे वह अपने घर के सामने स्कूटी में बैठकर मोबाइल चला रहा था। एक सफेद रंग की वेन्यू कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर उसे ठोकर मारकर फरार हो गया। घटना में वह स्कूटी सहित जमीन में गिर गया। जिससे दाहिने पैर के घुटने के नीचे और बायें कंधे पर चोट आया है, जिसे उपचार हेतु पेंड्री मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध 125 ए तथा 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शहर में दंतैल हाथी की आमद, फैली दहशत



**धमतरी।** सोमवार की रात एक जंगली हाथी ने शहर में प्रवेश कर तहलका मचा दिया। वीडियो के साथ हाथी आया हाथी आया की खबर सोशल मीडिया में वायरल हुई तो कई लोग जान जोखिम में डालकर हाथी को देखने निकल पड़े। हाथी को देखने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। अफरा-तफरी के बीच यही चर्चा रही कि हाथी चाहता तो वह अपने दायरे में कई लोगों को ले सकता था। गनीमत रही कि हाथी समझदार निकला और जानमाल को नुकसान नहीं पहुंचाया। इधर हाथी को शहर प्रवेश से रोकने वन अमला फिसड्डी साबित हुआ। पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। हाथी के सामने ही पेट्रोलिंग गाड़ी रोक दी। हाथी ने अपना गुस्सा दिखाया तो पेट्रोलिंग गाड़ी को स्पीड के साथ पीछे किया गया। चंदा दल का सिंगल दंतैल पिछले बीस दिनों से गंगरेल, डांगीमाचा के जंगल में डेरा डाला हुआ था।

### स्वास्थ्य विभाग ने एफआईआर की अनुशंसा की

# 40 लाख का फर्जी मेडिकल बिल निकाला, संकुल समन्वयक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिल्हा ब्लाक में फर्जी मेडिकल बिल के आधार पर 40 लाख रुपए निकालने के मामले में शिक्षा विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर आरपी आदित्य ने बिल्हा ब्लाक में पदस्थ शिक्षक और संकुल समन्वयक साधे लाल पटेल को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही राशि गबन के मामले में शिक्षक के खिलाफ एफआईआर भी कराई जाएगी। जेडी ने इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखते हुए अनुशंसित भी किया है। यह पूरी कार्रवाई जांच कमेटी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर की गई है। जांच तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिल्हा पर भी नियमानुसार कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है। बीईओ आफिस के कर्मचारियों को भी दोषी माना गया है। साथ ही संबंधितों से 6 लाख 74 हजार 70 रुपए वसूली करने भी कहा है। ज्वाइंट डायरेक्टर के मुताबिक सभी पर कार्रवाई होगी। बिल्हा ब्लॉक में पदस्थ और संकुल समन्वयक शिक्षक साधे लाल पटेल ने अपने और परिजनों के नाम पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिल्हा में 40 लाख का फर्जी मेडिकल बिल जमा किया। फर्जी मेडिकल बिल को विभाग ने राज्य कार्यालय को फारवर्ड कर राशि भी मंगा ली। कुछ राशि का भुगतान होता इसके पहले ही शिकायत हो गई और कुछ बिल को रोक दिया गया। मामले में जांच कमेटी बनाई गई। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से बिल जारी करने की पुष्टि की गई। जांच के दौरान में श्रीमती शिल्पा शर्मा कार्या सहायक ग्रेड 3 वि.खं.शि.अधि. बिल्हा की ओर से कहा गया है कि साधेलाल पटेल शिक्षक संकुल समन्वयक द्वारा भुगतान हेतु जिला कोषालय बिलासपुर प्रेषित किए जाने हेतु काफी दबाव डाला गया। सभी देयक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिल्हा द्वारा स्वीकृत तो किए गए लेकिन भुगतान हेतु कोषालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है।

- बिल्हा ब्लाक के संकुल समन्वयक साधेलाल पटेल का कारनामा, जांच टीम ने बिल्हा बीईओ को भी दोषी माना

हरिभूमि लगातार






**जांच प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई**

जांच कमेटी के हायर सेकेंडरी स्कूल बैमा नगाई के प्राचार्य एसके कश्यप व हायर सककेंडरी स्कूल सरकंडा के लिपिक घनश्याम दुबे की रिपोर्ट के साथ ही स्वास्थ्य विभाग का भी प्रतिवेदन मिल गया है। जांच प्रतिवेदन के आधार संकुल समन्वयक साधे लाल पटेल को निलंबित कर दिया है। साथ ही राशि गबन के मामले में शिक्षक के खिलाफ एफआईआर भी कराई जाएगी। - आरपी आदित्य , ज्वाइंट डायरेक्टर

### एफआईआर की अनुशंसा

जांच में बात सामने आई है कि इस तरह का कोई बिल स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी ही नहीं किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मामले में एफआईआर की की अनुशंसा भी की थी लेकिन शिक्षा विभाग के आला अधिकारी बचाने में लगे रहे। स्वास्थ्य विभाग ने अपने प्रतिवेदन में कहा है कि एक भी बिल जारी नहीं किया गया है और किसी में हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। सभी कूटरचित और फर्जी दस्तावेज हैं जिसमें फर्जी स्टांप और साइन किए गए हैं। खास बात है कि आरोपी शिक्षक ने इस बार अपने और अपनी पत्नी, अपने साले एक जीवित, एक मृत के नाम पर बिल लगाकर पूरा खेल खेला है।

# कंपनी इंचार्ज और एसईसीएल अफसर पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के ओसीएम खदान बरतुंगा में 6 अक्टूबर को कृष्णा सुपर हाईटेक कंपनी और एसईसीएल अधिकारियों द्वारा खतरनाक तरीके से विस्फोटक पदार्थों का उपयोग कर लापरवाहीपूर्वक विस्फोट किया गया। घटना में कई कर्मचारियों को चोटें पआई और कार्यस्थल व वाहनों को नुकसान पहुंचा। जानकारी के अनुसार धमाके के समय ड्यूटी पर कार्यरत एसईसीएल कर्मी हसमत अली, मानसाय, शंकर, शिवकुमार, मानकुंवर, हीरामनी, ओवर मैन मनोज कुमार, डिप्टी मैनेजर सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद थे। धमाके में सभी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए रीजनल अस्पताल कुरासिया भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विस्फोट के दौरान कृष्णा सुपर हाईटेक कंपनी के इंचार्ज शिवानंद और एसईसीएल के ब्लास्टिंग इंचार्ज रवि चक्रधारी मौजूद थे। आरोप है कि उनके द्वारा खतरनाक तरीके से आयुध विस्फोट कर न केवल सुरक्षा नियमों की अनदेखी की गई, बल्कि कर्मचारियों व आसपास की संपत्ति को गंभीर खतरे में डाला गया। घटना के संबंध में प्रार्थी राज पता सुधारू उम्र 19 वर्ष निवासी डोमनहिल सोनवानी की रिपोर्ट पर थाना चिरमिरी में कालरी प्रबंधक और कृष्णा सुपर हाईटेक कंपनी के अधिकारियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 239/2025 धारा 288, 118 (1) बीएनएस एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच थाना प्रभारी चिरमिरी द्वारा की जा रही है।



चिरमिरी माइंस में ओवी ब्लास्टिंग के दौरान आठ कर्मचारी घायल

एमसीबी जिले के एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र की एक ओपनकास्ट कोयला खदान में सोमवार को हुई ओवी ओवरबर्डन ब्लास्टिंग के दौरान समय से पहले धमाका हो जाने से बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में करीब 8 कर्मी घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, इनमें से कुछ की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिरमिरी ओपनकास्ट खदान में ऊपरी मिट्टी हटाने के लिए नियमित रूप से ओवी ब्लास्टिंग की तैयारी की जा रही थी। ब्लास्टिंग का समय तय था, लेकिन उससे कुछ मिनट पहले ही अचानक धमाका ⏭ शेष पेज 7 पर

- ओसीएम खदान बरतुंगा में खतरनाक विस्फोट से कई कर्मी हुए थे घायल

### शरद पूर्णिमा पर मानकेश्वरी देवी की विशेष पूजा-अर्चना

# एक-एक कर 40 बकरों की दी बलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्मागढ़ गांव स्थित मानकेश्वरी देवी मंदिर में शरद पूर्णिमा के दिन बैगा ने 40 बकरों की बलि देकर उनका रक्त पीया। ग्रामीणों ने मानकेश्वरी देवी की पूजा-अर्चना कर दुआ मांगी। बलि की ये परंपरा करीब 500 साल से चली आ रही है।

मानकेश्वरी देवी के भक्तों के मुताबिक इतना खून पीने के बाद भी बैगा के शरीर में कोई साइड इफेक्ट नजर नहीं आता है। उनकी माने तो इस दिन बैगा के शरीर में देवी मां आतीं हैं और वो बलि दिए गए बकरों का खून पीती हैं। बल पूजा के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाता है। मानकेश्वरी देवी पूजन समिति के पूर्व अध्यक्ष युधिष्ठिर यादव ने बताया कि बलि पूजा से एक रात पहले यानी 5 अक्टूबर को निशा पूजा पूरे विधि-विधान के साथ की गई। जब यह पूजा होती है तो राज परिवार से एक ढीली अंगूठी बैगा के अंगूठे में पहनाई जाती है। हालांकि ये अंगूठी बैगा के नाप की नहीं होती, लेकिन बलि पूजा के दौरान बैगा के अंगूठे में वो अंगूठी पूरी तरह से कस जाती है।



### हजारों की संख्या में आते हैं श्रद्धालु

मानकेश्वरी देवी पूजन समिति के पूर्व अध्यक्ष युधिष्ठिर यादव ने बताया कि मां मानकेश्वरी देवी की काफी मान्यता है। बैगा के ऊपर मां मानकेश्वरी देवी सवार होती हैं। रायगढ़ के राजा चक्रधर सिंह के परिवार ने मंदिर की स्थापना की थी, तब से परंपरा चली आ रही है। बलि पूजा की मान्यताएं हैं, श्रद्धालु अपने मन से बलि देते हैं, जिससे श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। शरद पूर्णिमा के दिन कर्मागढ़ में होने वाले बलि पूजा को देखने रायगढ़ के अलावा दूसरे जिलों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं।

# दीपावली से पहले तय होंगे प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन की कार्यकारिणी में बड़े बदलाव के बाद अब प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति में भी बदलाव होगा। पुरानी कार्यसमिति में कई सांसदों के साथ जिन चेहरों को रखा गया था, उसमें से कुछ को जहां नए पद मिल गए हैं, वहीं सांसदों का चेहरा भी बदल गया है। कार्यसमिति के सदस्यों के साथ ही स्थाई और आमंत्रित सदस्यों में भी बदलाव की संभावना है। कार्यसमिति के नए सदस्य दीपावली से पहले तय हो जाएंगे। कार्यसमिति के जल्द ऐलान के संकेत प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने दिए हैं।

- स्थाई और आमंत्रित सदस्यों में भी बदलाव संभव

प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी का लंबे इंतजार के बाद बीते माह 13 अगस्त को ऐलान हुआ था। इसमें बड़ा बदलाव किया गया है। डेढ़ दर्जन से ज्यादा नए चेहरों को इसमें रखा गया है। इसके पीछे का कारण यह है कि पुराने पदाधिकारियों को नए पद मिल चुके हैं। ऐसे में इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। अब कार्यकारिणी के बाद सबसे अहम कार्यसमिति के सदस्य बनाने का काम करना है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने मंगलवार को कार्यसमिति को लेकर कहा, जल्द की कार्यसमिति का गठन हो जाएगा। इसी के साथ उन्होंने कहा, बची हुई इकाईयों का गठन भी जल्द होगा। उल्लेखनीय है, सभी मोर्चा के अध्यक्ष तो तय हो गए हैं, लेकिन प्रकोष्ठ में संयोजक और सहसंयोजकों की नियुक्ति अभी बाकी है।



### बदले जाएंगे कई चेहरे

इस समय भाजपा की जो कार्यसमिति है, उसमें कई नाम ऐसे हैं, जिनको जहां दूसरे पद मिल गए हैं, वहीं जिन पुराने सांसदों को कार्यसमिति में रखा गया था, अब वे सांसद नहीं हैं। हालांकि इनमें से अब कुछ विधायक बन गए हैं। पुराने सदस्यों में जो सांसद थे, उसमें संतोष पांडेय और विजय बघेल तो अब भी सांसद हैं, लेकिन सुनील सोनी, गोमती साय और रेणुका सिंह इस समय सांसद नहीं हैं, लेकिन विधायक जरूर हैं। इनको सदस्य के रूप में रखा जा सकता है, लेकिन इसका फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछकर ही होगा। मोहन मंडावी, गुहाराम अजगले, चुन्नीलाल साहू इस समय सांसद नहीं हैं। इसी तरह से रणविजय सिंह जूदेव भी इस समय राज्यसभा सदस्य नहीं हैं। इसी तरह से अशोक बजाज इस समय कार्यालय मंत्री बन गए हैं। संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव नान के अध्यक्ष बन गए हैं। अन्य पद पाने वालों में जो नाम शामिल हैं, उनमें पूजा विधानी और मीनल चौबे महापौर बन गई हैं। राजीव अग्रवाल, राकेश पांडेय, नीलू शर्मा, संदीप शर्मा, लोकेश कावड़िया, रामप्रताप सिंह, अनुराग सिंहदेव, श्रीनिवास मद्दी, चंद्रकांति वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, ओजस्वी मंडावी, भरत मटियारा, प्रहलाद रजक को निगम, मंडल, आयोग में पद मिल गए हैं।

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा, पिता के सामने मासूम बच्ची और पत्नी ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग में हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक के सामने उसकी पत्नी और डेढ़ साल की बेटी ने दम तोड़ दिया। युवक उनको बाइक में लेकर घर की तरफ जा रहा था, तभी एक ट्रैक्टर चालक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। युवक की हालत गंभीर है। मामला दुर्ग जिला मुख्यालय में कोतवाली थाना अंतर्गत गया नगर क्षेत्र का है। यहां दोपहर लगभग साढ़े 12 एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए आया और बाइक सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से महिला उसकी बेटी की मौके पर मौत हो गई, वहीं बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

- ट्रैक्टर के पहिया के नीचे आ जाने से आई गंभीर चोटें, अधिक खून बहने से मौत



### प्रत्यक्षदर्शी ने बताई पूरी घटना

प्रत्यक्षदर्शी चुम्मा लाल देशमुख ने घटना के बारे में बताया कि बाइक सवार विकास साहू (35 साल) अपनी पत्नी मोनिका साहू (28 साल) और डेढ़ साल की बेटी वामिका के साथ बाइक में चंडी मंदिर की तरफ जा रहे थे। उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर सीजी 07 डी 3977 का चालक ने उन्हें ओवरटेक करने की कोशिश की और अपनी चपेट में ले लिया।

### उसी समय हुई थी स्कूल की छुट्टी

लोगों ने इस दुर्घटना के लिए ट्रैक्टर चालक को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि जिस समय यह दुर्घटना हुई, उसी समय महर्षि दयानंद स्कूल और इंडियन किड्स स्कूल की भी छुट्टी हुई थी। इससे वहां काफी भीड़ थी। ट्रैक्टर चालक को चाहिए था कि स्कूली बच्चों और भीड़ को देखकर सावधानी पूर्वक धीमी रफ्तार में जाना था। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार जेल भेज दिया है।

### रियूमेटिक हार्ट डिजीज नामक गंभीर बीमारी से पीड़ित थी 11 साल की बच्ची

# सरकार ने पूरा किया वादा, सरकारी में उपकरण नहीं तो निजी अस्पताल में ही आयुष्मान से कराया शांभवी का इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हृदय की गंभीर से जूझ रही 11 साल की शांभवी गुरला से किया गया वादा सरकार ने पूरा किया। सरकारी अस्पताल में सर्जरी से संबंधित उपकरणों के अभाव के कारण बच्ची को निजी अस्पताल रेफर कराकर आयुष्मान योजना की मदद से इलाज कराया। भोपालपट्नम में रहने वाली बच्ची अपने माता-पिता के साथ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से महीनेभर पहले मदद की आस में मिली थी।

- महीनेभर पहले भोपालपट्नम से मदद की आस में आया था गुरला परिवार

शासन द्वारा पूरे इलाज का वादा करने के बाद शांभवी को माहभर पहले एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट भेजा गया था। जांच में उसे रियूमेटिक हार्ट डिजीज से पीड़ित पाया गया था, जिसके इलाज के लिए वॉल्व रिप्लेसमेंट की आवश्यकता थी। आंबेडकर अस्पताल से संबंधित एसीआई के कार्डियक सर्जरी विभाग में जरूरी उपकरण नहीं होने के कारण सारे ऑपरेशन ठप हैं। इसकी वजह से शांभवी को ऑपरेशन के लिए मोवा के निजी अस्पताल भेजना पड़ा।

शांभवी के इलाज में स्वास्थ्य विभाग की दिलचस्पी थी, इसलिए उपचार की सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सप्ताहभर पहले शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत वॉल्व रिप्लेसमेंट किया गया। शांभवी बीजापुर जिले भोपालपट्नम की रहने वाली हैं, पिता खेतीबाड़ी कर परिवार का पेट पालते हैं। माता-पिता को जब बच्ची की बीमारी का पता चला तो उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई।



### भरोसे का संदेश

ऑपरेशन सफल होने की जानकारी होने के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शांभवी से मिलने निजी अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार का यह कदम सिर्फ एक बच्ची के लिए नहीं, बल्कि राज्य के हर गरीब परिवार के लिए भरोसे का संदेश है। हर एक पिता की बेटी शांभवी हमेशा मुस्कुराती रहे और हर परिवार की आंखों में उम्मीद की चमक हमेशा बनी रहे।

### कई मरीज इंतजार में

शांभवी से किया गया वादा तो सरकार ने पूरा किया, मगर सरकारी अस्पताल में इलाज शुरू होने का कई मरीज इंतजार कर रहे हैं। सामान नहीं मिलने के कारण वहां से वॉल्व रिप्लेसमेंट के साथ बाईपास और ओपन हार्ट जैसे ऑपरेशन भी नहीं हो रहे हैं। आने वाले मरीजों को व्यवस्था सामान्य होने के बाद इलाज के लिए आने की सलाह दी जा रही है वहीं जरूरतमंदों को एम्स अथवा किसी अन्य अस्पताल जाकर अपना ऑपरेशन कराने कहा जा रहा है। जरूरी सामान की आपूर्ति के लिए विभागीय स्तर पर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

# 'एआई और ऑटोनॉमस सिस्टम से लड़े जाएंगे भविष्य के युद्ध'

## राजधानी में आयोजित सम्मेलन में बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पश्चिमी-सीमा पर पाकिस्तान से बढ़ती युद्ध की चुनौती के बीच मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दो महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। पहले में उन्होंने कहा कि भविष्य में लड़े जाने वाले युद्ध एल्गोरिदम, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ऑटोनॉमस सिस्टम से लड़े जाएंगे और उस दौरान मानव रहित विमान (ड्रोन), एंटी-ड्रोन सिस्टम, क्वांटम कम्प्यूटिंग और निर्देशित ऊर्जा हथियारों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जो भावी रूपरेखा तैयार करेंगे। दूसरे में उन्होंने देश की रक्षा और सुरक्षा को राष्ट्र की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र को सशक्त बनाना केवल किसी एक संस्थान या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि इसके लिए संपूर्ण देशवासियों को साझा रूप से संकल्पबद्ध होना चाहिए।

### नकलची न बनें नव-प्रवर्तक

राजनाथ सिंह ने कहा, नव-प्रवर्तक पहले से मौजूद समाधानों पर ध्यान देने के बजाय उनसे आगे का सोचने और युद्ध को नई परिभाषा देने वाली प्रौद्योगिकियों का विकास करने पर जोर दें। हमें प्रौद्योगिकी में न तो नकलची बनना है और न ही अनुयायी। बल्कि हमें दुनिया के लिए एक सृजक और मानव निर्धारक बनना है। बीते वित्त वर्ष में 1.5 लाख करोड़ रुपए का रक्षा उत्पादन और निर्यात का आंकड़ा 23 हजार करोड़ को पार कर गया। वहीं, घरेलू स्रोतों से रक्षा पूंजी अधिग्रहण 2021-22 के 74 हजार करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 1.2 लाख करोड़ हो गया है।

# 'अपने लोगों पर बम बरसाने वाले देश को दूसरों को नसीहत देने का अधिकार नहीं'

पाक को फिर से यूएन में भारत की खरी-खरी

## राजदूत हरीश ने जमकर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान भारत के खिलाफ झूठी, भ्रामक और आधारहीन बयानबाजी करने से बाज नहीं आ रहा है। ताजा मामला बीते सोमवार देर रात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 'महिला, शांति और सुरक्षा' के मुद्दे पर हुई एक खुली बहस से जुड़ा हुआ है। जिसमें पड़ोसी दुश्मन देश के एक अधिकारी ने अपने बयान में जानबूझकर एक बार फिर से कश्मीर को लेकर भारत पर मिथ्या और अनर्गल आरोप लगाते हुए कहा कि कश्मीरी महिलाएं दशकों से यौन हिंसा का शिकार हैं।

मामला बेहद गंभीर था। जिसका भारतीय राजदूत पी.हरीश ने भी तुरंत करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि एक ऐसा देश (पाकिस्तान) जिसने अपने ही लोगों पर बम बरसाए हों, अपने नागरिकों के व्यवस्थित नरसंहार में शामिल रहा हो और कुल करीब 4 लाख महिला नागरिकों के नरसंहार और सामूहिक बलात्कार के सुनियोजित



अभियान की सेना को मंजूरी दी हो। उसे दूसरे देशों को नसीहत देने का कोई अधिकार नहीं है। वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान के उक्त बयान उसके द्वारा दुनिया का ध्यान भटकाने और उसे गुमराह करने के इरादे से दिए जाते हैं।

### भारत का अभिन्न अंग 'जम्मू-कश्मीर'

भारत के राजदूत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। बताते चलें कि यूएन में इस खुली बहस की अध्यक्षता रूस कर रहा था। जहां भारत ने साफ तौर पर यह बता दिया कि महिला, शांति और सुरक्षा को लेकर उसका रिकॉर्ड बेहद उत्तम बना हुआ है। ज्ञात हो कि वर्तमान में पाकिस्तान के आंतरिक हालात बहुत अच्छे नहीं हैं। अर्थव्यवस्था दुनियाभर से लिए हुए कर्ज के बोझ तले दबी हुई है। गरीबी और भुखमरी जोरों पर है। इन सबके बीच पाकिस्तानी सेना के अत्याचार किसी से छिपे हुए नहीं हैं। हाल ही में उसने बर्बरता के साथ खैबर पख्तूख्वा के इलाके में आम लोगों पर बमबारी की थी। जिसमें 30 निर्दोष लोगों की जान चली गई। पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भी सरकार विरोधी प्रदर्शनों का गवाह बना है।

# ब्रिटेन में सबसे बड़ी फोन चोरी का पर्दाफाश

**लंदन।** ब्रिटेन (यूके) में अब तक की सबसे बड़ी फोन चोरी पकड़ी गई है। यहां से 1 साल में 40 हजार से ज्यादा चोरी के फोन चीन भेजे जा चुके हैं। इनमें से 40% फोन लंदन में चोरी हुए थे। पिछले साल सिर्फ लंदन में 80 हजार फोन चोरी हो चुके हैं। इस चोरी में इंटरनेशनल फोन तस्करी का गिरोह शामिल था। मामले में अब तक 46 लोगों को अरेस्ट किया जा चुका है। दरअसल, पिछले साल लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट पर एक 1,000 फोन से भरा एक बॉक्स मिला, जो हॉन्गकॉन्ग भेजा जा रहा था।


**भारतीय खेल प्राधिकरण**
**SPORTS AUTHORITY OF INDIA**
**भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA**
**खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS**
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports) ( युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(Human Resources Division -II) (मानव संसाधन प्रभाग - II )

HEAD OFFICE, GATE NO. 10 (EAST GATE),
JAWAHARLAL NEHRU STADIUM, LODHI ROAD, NEW DELHI-110003

F.No. 01-04001 (03) /8 /2024- भर्ती प्रकोष्ठ Date: 12-09-2025

**भारतीय खेल प्राधिकरण भर्ती - वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी**

भारतीय खेल प्राधिकरण (भा. खे.प्रा.), जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी के 03 पदों को 7वें सीपीसी के वेतन मैट्रिक्स लेवल-07 में प्रतिनियुक्ति सहित अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर 3 वर्ष की अवधि (मुख्यालय नई दिल्ली एवं विभिन्न क्षेत्रीय इकाइयों में ) भरने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। योग्य अधिकारी निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन उप निदेशक (भर्ती), भारतीय खेल प्राधिकरण, जे. एन. स्टेडियम परिसर, लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003 को भेज सकते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11 नवम्बर, 2025 (शाम 5:00 बजे) है। विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, प्रोफार्मा एवं निर्देश भा.खे. प्रा. की वेबसाइट (www.sportsauthorityofindia.nic.in) पर उपलब्ध होंगे।

CBC 47103/12/0012/2526


# भारत का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर दुनिया के लिए बना प्रेरणास्रोत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत आज दुनिया में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का एक प्रेरणास्रोत बन चुका है, चाहे बात आधार, यूपीआई, या डिजिटल गवर्नेंस की हो। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले दस वर्षों में जिस पैमाने पर जनता तक सेवाएं पहुंचाई हैं और शासन में पारदर्शिता व दक्षता लाई है, वह दुनिया के लिए एक मिसाल बन गई है। उन्होंने यह बात मंगलवार को आयोजित 'ट्रस्ट एंड सेफ्टी इंडिया फेस्टिवल 2025' में कही। यह आयोजन फरवरी 2026 में होने वाले एआई इम्पैक्ट समिट की तैयारी का हिस्सा है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई के भविष्य पर वैश्विक चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि 'भारत पर एक विशेष जिम्मेदारी है, क्योंकि वैश्विक दक्षिण के कई देश हमसे प्रेरणा लेते हैं।

### एआई का विकास सुरक्षित व सुलभ हो

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत जैसे विशाल समाज के लिए 'जिम्मेदार एआई' की दिशा में काम करना बेहद जरूरी है। इसके लिए उन्होंने तीन प्रमुख कदम बताए। जिसमें स्वदेशी उपकरण और ढांचे तैयार करना, इन नवाचारों के लिए आत्म-मूल्यांकन प्रणाली बनाना. और ठोस दिशा-निर्देश तैयार करना शामिल है। उन्होंने कहा कि केवल इन कदमों के बाद ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि एआई का विकास, उसका उपयोग और शासन, सभी सुरक्षित और सभी के लिए सुलभ हों। विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया इस समय एक 'महान परिवर्तन के मोड़' पर खड़ी है।


**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) GSTN-22AADCC5773E1ZX CIN-U40108CT2003SGC015820
**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (LINE)**
Block-4, Near CSPTCL Dispensary, Dagania, Raipur (C.G.)
Website: www.cseb.gov.in E-Mail- ce.eht@cseb.gov.in Phone no. 0771 – 2574221, 2574028 Fax No.2574222

No. ED/Line/Works/ TR-2225/1574 Raipur, Date: 06/10//2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited from eligible bidders for following EHV work on labour contract basis :

| TR No | Name of work | EMD (Rs) | Cost of tender form (Rs) (Incl. GST) | Date of opening |
|---|---|---|---|---|
| TR-2225 Rfx No. 8100046480 | Hot Dip Galvanization , Embossing and Grinding (if necessary) of Steel Tower parts at firms galvanization plant located at Raipur/Bhilai (106 MT approx.). | 28,943/- | 5000/- | 30.10.2025 |

For all other details of NIT and term & condition, please visit our website www.cspc.co.in/csptcl/tendernotices.

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR (LINE)
CSPTCL, Raipur



**छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय**
**महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर**

**सूचना**

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 10/09/2025

क्रमांक GENCOR/3022/2025-HOUSING/32: छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 23-क (1) एवं (2) के अन्तर्गत नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 में अत्यावश्यक लोक प्रयोजनार्थ उपांतरण करने का अनंतिम निर्णय लिया है। अधिनियम की धारा 23-क (2) के अधीन राज्य शासन एतद द्वारा प्रस्तावित उपांतरण के निम्नानुसार प्रारूप को क्षेत्र के सर्वसाधारण के निरीक्षण हेतु अवलोकनार्थ प्रकाशित करता है :-

**नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 में उपांतरण प्रस्ताव**

| अंगीकृत नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 में | अधिनियम की धारा 23 (क) के तहत उपांतरण प्रस्ताव |
|---|---|
| Clause 18.5.2.2 Industrial Zone c) The Industrial Sub-division Shall Provide for: i. Minimum 10% of' the area to be reserved as recreational and green belt. If the area of the plot designated for recreation is more than 1500 sq.mts the additional area can be used for parking purpose. | Clause 18.5.2.2 Industrial Zone c) The Industrial Sub-division Shall Provide for: i. Within industrial parks, minimum 5% of the area to be reserved as recreational/open space in the layout. Further 5% recreational/open will be reserved within the development plots of Industrial area where approval of layout is mandatory. For the industrial plots not within industrial parks. minimum 10% of the area to be reserved as recreational/ open space. If the area of the plot designated for recreation is more than 1500 sq.mts the additional area can be used for parking purpose. Maximum 10% of the area at the sector level shall be provided for housing for workers. |

2/ प्रस्तावित उपांतरण विकास योजना में निहित विकास नियमन में संशोधन हेतु है।
3/ उपांतरण प्रस्ताव की प्रति आयुक्त, संभाग रायपुर, कलेक्टर, जिला रायपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, संयुक्त संचालक,नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के कार्यालयों में कार्यालय समय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।
4/ अतः प्रस्तावित उपांतरण से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से इस सूचना के दो स्थानीय मुख्य दैनिक समाचार पत्रों में एक दिन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित आपत्तियाँ तथा सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। आपत्ति तथा सुझाव निम्नलिखित कार्यालयों में शासकीय कार्य दिवसों में प्रस्तुत किये जा सकते हैं :-
(1) आयुक्त, रायपुर संभाग, छत्तीसगढ़,
(2) कलेक्टर कार्यालय, जिला रायपुर।
(3) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, नवा रायपुर अटल नगर,रायपुर।
(4) संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर।
(5) आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार,
**(देवेन्द्र भारद्वाज)**
**विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन**
**आवास एवं पर्यावरण विभाग**

G-252603973/2



**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**CHHATTISGARH RURAL ROAD DEVELOPMENT AGENCY**
**PROJECT CIRCLE, DURG, DISTT.: DURG (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice**
**(3rd Call)**

NIT No. 66/SE/TECH./CGRRDA/2025 Dated 06/10/2025

Superintending Engineer, Project Circle Durg on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for Defect Liability under PMGSY and sanctioned for below mentioned district of the state as per B.O.Q. from the eligible contractors/Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:-

| S. No | NIT No. | Work Name | Amount (Rs. in Lakhs) Including GST | Districts | Rate invited |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 66 | Defect Liability under PMGSY | 46.29 | Rajnandgaon | Percentage Rate SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur |

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed N.I.T. and other Details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in. on or after 09.10.2025. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of the website.

**Superintending Engineer**
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Project Circle, Durg, Dist.: Durg (C.G.)
E-mail: sepmgsy.rpc@nic.in

S-45496/2


# कश्मीर के 8.55 लाख किसानों को मिली सम्मान निधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कृषि भवन, नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के बाढ़ व भूस्खलन प्रभावित किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 21वीं किस्त अग्रिम जारी की। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, केंद्रीय कृषि सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे, वहीं जम्मू-कश्मीर के कृषि मंत्री जावेद अहमद डार, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, किसान कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े। इस किस्त के तहत लगभग 8.55 लाख किसानों के बैंक खातों में सीधे 171 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए, जिनमें 85,418 महिला किसान शामिल हैं।

# 'टैरिफ' से हुआ भारत पाक में संघर्षविराम समझौता : ट्रंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हैं कि मानते ही नहीं, ऐसे समय में जब बहुत पहले ही



भारत द्वारा उन्हें साफ शब्दों में ये स्पष्ट कर दिया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 7 से 10 मई 2025 तक पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य संघर्ष को रुकवाने में किसी तीसरे पक्ष या दुनिया के किसी अन्य देश की कोई भूमिका नहीं रही है। संघर्षविराम समझौता पूरी तरह से द्विपक्षीय था। जो भारत और पाकिस्तान के बीच ही हुआ है। ट्रंप ने इस तथ्य को दरकिनार करते हुए बीते सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में संघर्षविराम को लेकर अपने दावे को पुनः दोहराते हुए कहा कि इस साल की शुरुआत में भारत और पाकिस्तान जैसे दो परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच हुए संघर्षविराम को रोकने में टैरिफ की अहम भूमिका है। ये टैरिफ ही था जो दोनों के बीच संघर्षविराम समझौता कराने की वजह बना।


**छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड**
**ब्लॉक नं. - 07 ए, द्वितीय तल, ऑफिस काम्पलेक्स सेक्टर - 24, अटल नगर रायपुर**

क्रमांक/ई-परिवहन निविदा/2025-26/109 रायपुर, दिनांक 03.10.2025

**// ई-निविदा सूचना //**

निगम द्वारा सभी जिलो हेतु परिवहन एवं हमाली कार्य हेतु प्रतिष्ठित ठेकेदारो से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के लिये कार्पोरेशन के निर्धारित संबंधित ई-परिवहन निविदा दस्तावेज (जिसमें विस्तृत निविदा निर्देश / शर्ते आदि वर्णित है ) जेम पोर्टल की वेबसाईट के माध्यम में निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| Bid Start Date | 07.10.2025 | 11:00 AM |
| Bid Due Date | 06.11.2025 | 05:00 AM |
| Bid Open Date from | 07.11.2025 | 11:00 AM |
| Pre Bid Confrence | 14.10.2025 | 11:00 AM |

ई-निविदा के नियम शर्ते एवं विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://gem.gov.in एवं राज्य सरकार के वेबसाईट www.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है।

किसी भी निविदा को बिना कारण बताये मान्य अथवा अमान्य किये जाने का अंतिम अधिकार प्रबंध संचालक को रहेगा।

**(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)**

S-45497/2 **कार्यपालन संचालक (वित्त)**



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

**-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना :-**
**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 28.10.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र./दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख मे) |
|---|---|---|---|
| 1 | 313 | नवाडीह चौक से सीपत झलमला मोहरा मार्ग के किमी 7/2 (110 मीटर), 7/4 (85 मीटर), 7/8 (40 मीटर) = 235.00 मीटर, किमी 7/10 (70 मीटर), 8/2 (42 मीटर), 8/6 (110 मीटर), 9/2 (15 मीटर) = 237.00 मीटर, किमी 9/2 (84 मीटर), 9/4 (50 मीटर), 9/6 (100 मीटर) = 234.00 मीटर, किमी 9/6 (20 मी.), 9/8 (180 मी.), 9/10 (34 मी.) = 234.00 मीटर, किमी 11/2 (180 मी.) = 180.00 मीटर, किमी 11 /4 (77 मी.), 11/6 (120 मी.), 11/8 (57 मी.) = 254.00 मीटर एवं किमी 11/8 (30 मी.), 11/10 (80 मी.), 12/2 (100 मी.), 12/4 (50 मी.) = 260.00 मीटर में विशेष मरम्मत कार्य एवं नवाडीह चौक से सीपत झमलता मार्ग के किमी 3 / 4, 3/6, 3/8, 3, 4/2, 4/6, 5/4, 5/6 = 865.22 मीटर में विशेष मरम्मत कार्य **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर ।** | 89.66 |
| 2 | 314 | लगरा से गतौरा मार्ग के कि.मी. 2/2-4, 2, 3/2-4 = 185.00 मीटर, मस्तूरी से जयरामनगर मार्ग के किमी 1/2 एवं 1/4 = 207.60 मीटर, किमी 1/2, 1/4 = 167. 97 मीटर, खैरा देवरी मार्ग के किमी 1/2, 1/6, 1/8 2/6, 2/8, 3/4 = 430 मीटर, मोपका खैरा गतौरा जयरामनगर मार्ग के किमी 1/4, 1/6, 1/8, 1.00 = 283. 10 मीटर, 5/2, 6, 6/8, 7/2 = 250.10 मीटर एवं किमी 7/4, 7/6, 7/8, 8/2, 8/4 = 262.80 मीटर, कि.मी. 11 / 8, 12/2, 12/4, 12/6 = 510 मी. में विशेष मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर।** | 101.58 |
| 3 | 315 | दरी लावर कोनी इटवापाली सरसेनी मटिया गिधपुरी मार्ग के किमी 1/2 से 1/4 (126. 50) = 326.50 मीटर एवं किमी 16/4 से 16/6 (126.50) = 326.50 मीटर में बी. टी. कार्य एवं **डिडिनेश्वरी** मंदिर पहुंच मार्ग के किमी 1/2-1/6 (100 मी.) = 500 मीटर में। मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर ।** | 96.45 |
| 4 | 316 | मटिया बकरकुदा मार्ग के किमी 2/2 से 2/4 ( 126.50 ) = 326.50 मीटर, किमी 3/4 से 3/6 (126.50 ) = 326.50 मीटर, दर्री लावर कोनी इटवापाली सरसेनी मटिया गिधपुरी मार्ग के किमी 15/2 से 15/4 (126.50 ) = 326.50 मीटर, जोंधरा सोन बसंतपुर मार्ग के किमी 7/8 से 7/10 (126.50)= 326.50 मीटर एवं किमी 8/4 से 8/6 (126.50 ) = 326.50 मीटर, में बी. टी. कार्य एवं कोरमी से हरदीकला टोना मार्ग के कि.मी. 1/8 में एवं खण्डोवा रतनपुर मार्ग के किमी 4/4 में विशेष मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर।** | 83.49 |
| 5 | 317 | पेण्ड्रीडीह से नेहरू चौक मार्ग के किमी 3/6, 3/8 3/10, 4/4, 4/6, 5/2, 5/4, 5/6, 7/2 एवं 7/4 में मिडियन वॉल में लगे हुए ग्रील का मरम्मत एवं पेन्टिंग कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर ।** | 99.70 |
| 6 | 318 | कोटा अचानकमार मार्ग के कि.मी. 40 में पुलिया का विशेष मरम्मत कार्य, बुटेना धौरागाठा मार्ग के कि.मी. 2/4 में दायी ओर बाढ़ से हुये क्षतिग्रस्त का विशेष मरम्मत कार्य,सकरी सैदा मार्ग के कि.मी. 2/2 में तालाब के किनारे रिर्टनिंग वॉल का निर्माण कार्य लंबाई 3. 00 कि.मी. बोडसरा खरकेना मार्ग के कि.मी. 2/2 में रिर्टनिंग वॉल का निर्माण कार्य लंबाई 3.65 कि.मी., पोड़ी चोरभट्ठी मार्ग के कि.मी. 2/2 एवं 2/8 में विशेष मरम्मत कार्य, कोटा अमाली बिल्लीबंद मार्ग के कि.मी. 5/8 एवं 6/2, लिंक रोड कोटा मार्ग के कि.मी. 2/10 एवं बेलगहना कोंनचरा खोंगसरा मार्ग के कि.गी. 1/10, 1/6, 10/10 में पुलिया का विशेष मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 2, बिलासपुर।** | 98.12 |
| 7 | 319 | छतौना सकर्रा मुख्य जिला मार्ग के कि.मी. 3/6 में तालाब के पास रिर्टनिंग वॉल दिवार का निर्माण कार्य एवं छतौना सकर्रा मुख्य जिला मार्ग के कि.मी. 7/8 से 10/10 = 3.40 कि.मी. में विशेष मरम्मत कार्य । **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 2, बिलासपुर ।** | 131.29 |
| 8 | 320 | दशरंगपुर सोढ़ार मार्ग के कि.मी. 2/4 से 2/8 में मार्ग का एवं हयूम पाईप कल्वर्ट, सोढ़ार से जगताकापा मार्ग कि.मी. 1/6 से 1/10 में मार्ग का एवं हयूम पाईप कल्वर्ट एवं देवरी भर्राकुण्डा मार्ग के कि.मी. 1/2 से 1/6 का विशेष मरम्मत कार्य । **प्रथम आमंत्रण । मुंगेली संभाग ।** | 147.81 |
| 9 | 321 | हरनाचाका से भठलीकला मार्ग कि.मी. 1/2 से 1/10 में मार्ग का एवं हयूम पाईप कल्वर्ट, हरनाचाका से भठलीकला मार्ग कि.मी. 2/2 से 2/10 में मार्ग का एवं हयूम पाईप कल्वर्ट का विशेष मरम्मत कार्य एवं ठाकुरकापा से लोहाराकापा बस्ती वाला भाग सी. सी. मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य । **प्रथम आमंत्रण । मुंगेली संभाग।** | 149.00 |
| 10 | 322 | सेतगंगा परसवारा मार्ग कि.मी. 1/6 एवं 4/8 में मार्ग का एवं स्लैब कल्वर्ट, पेण्डाराकापा भरुवागुडा दाबो छटन मार्ग कि.मी. 3/10 से 4/8, दुल्लापुर से जल्ली मार्ग के कि.मी. 1/2 से 1/4 कुल 300 मी., पलानसरी से बोड़तरा मार्ग के कि.मी. 1/2 (200) एवं 2/10 (100) कुल 300 मी. एवं पुरान से औराबांधा मार्ग लं. 1/2 में रिटर्निंग वाल लंबाई 30 मी. का विशेष मरम्मत कार्य । **प्रथम आमंत्रण। मुंगेली संभाग ।** | 138.88 |
| 11 | 323 | खम्हरिया पहुंच मार्ग (बस्तीवाला भाग में) लंबाई 600 मीटर में सी.सी. मार्ग एवं तोरला पहुंच मार्ग कि.मी. 1/2 से 1/10 कुल 1.00 कि.मी. का विशेष मरम्मत कार्य । **प्रथम आमंत्रण । मुंगेली संभाग ।** | 100.00 |
| 12 | 324 | चमारी पहुंच मार्ग कि.मी. 1/2 से 1/10 कुल 1.00 कि.मी. एवं सिपाही से गाड़ाघाट मार्ग 100.00 कि.मी. 1/2 से 1 / 10 कुल 1.00 कि.मी. का विशेष मरम्मत कार्य । **प्रथम आमंत्रण । मुंगेली संभाग ।** | 100.00 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर**

G-252603975/2



**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
**Office of the Executive Engineer**
**Public Works Division No.2, Nagpur**
E-mail: div2nagpur.ee@mahapwd.com Telephone No. 0712-2565048

**E-TENDER NOTICE NO. 27 / 2025-2026**

Online E-tenders in 'B-1' Forms are invited by Executive Engineer, Public Works Division No. 2, "Bandhkam Sankul" Civil Lines, Nagpur for the following works from the registered contractor who satisfy the qualifying criteria. The tender documents should be downloaded from the Government Website https://mahatenders.gov.in The competent authority reserves the right to accept or reject any or all the tenders. Conditional tenders will not be accepted.

| Sr. No. | Name of Works | Estimated cost (Rupees In lakh) |
|---|---|---|
| 1. | Contruction of Multi Sports arena at Ward No.04 at Revati Nagar Besa in Tahasil and Distt.Nagpur (Rural) | Rs. 300.00 Lakh |
| 2. | Construction of Multi Sports Arena at Ward No. 04 Revati Nagar Besa, in Tahasil and Distt.Nagpur (Rural) | Rs. 300.00 Lakh |
| 3. | Construction of Minor Bridge on Besa Beltarodi Shankarpur Panjari Waroda Rui Zari Ghuti to join (MDR-44) (MDR-125) Km.10/500 in Taluka and Distt.Nagpur (Rural) | Rs. 150.00 Lakh |
| 4. | Construction of Minor Bridge at Ch. 10/500 Besa Beltarodi Shankarpur Panjari Waroda Rui Ghuti to joined road (MDR-44) in Taluka Nagpur (Rural) Distt.Nagpur | Rs. 150.00 Lakh |
| 5. | Construction of Subkund to Bilawargondi road (VR-119) in Tahasil Katol Distt. Nagpur | Rs. 99.66 Lakh |
| 6. | Improvement to NH-07 Borkhedi to Tarsi (V.R.209) Length 1.00 Km. in Tahasil and Distt.Nagpur (Rural) | Rs. 76.50 Lakh |
| 7. | Development of premises at Ganesha Temple Devasthan Patansawangi Taluka Saoner Distt.Nagpur | Rs. 100.00 Lakh |
| 8. | Construction of a Protective wall to prevent encroachment on the land of Agricultural Produce Market Committee, Mouja Khangaon, Taluka Katol, S.N. 13, Area 7.51 He.R (Survey No. 13, Account No. 288) | Rs. 91.25 Lakh |
| 9. | Construction road from Masora village to Bhakare Maharaj Sansthan Taluka Narkhed Distt.Nagpur | Rs. 100.00 Lakh |
| 10. | Providing and Laying Paving blocks in the Prmeises of Rural Hospital in Tahasil Katol Distt. Nagpur | Rs. 65.83 Lakh |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा उपलब्ध कालावधी | As per e-tender schedule uploaded on e-portal |
| 2. | निविदापूर्व बैठक | As per e-tender schedule uploaded on e-portal |
| 3. | ई-निविदा उघडणे | ऑनलाईन नमुद केलेले वेळापत्रक लागू व अंतिम राहील. |

information of e-tendering is available on the following website / Notice Board.

Terms & Conditions :-
1. https://mahatenders.gov.in 2. https://mahapwd.com
(If there is any changes in the notice, then the information will be communicated on the above website)
3. Executive Engineer, Public Works Division No.2, Nagpur Office Notice Board
4. For any correspondence contact. Above mention e-mail & Telephone No.

Notice:-
1) All eligible/ interested Contractor are downloading and mandated to get enrolled on e-tendering portal https://mahatenders.gov.in in and further need to empanelled online on sub portal https://mahatenders.gov.in in the appropriate bidder applicable to them.
2) Bidders are requested to contact on following telephone numbers for any doubts / information / difficulty regarding online enrollment or obtaining digital certificate. Help Desk Number-0120-4200462, 0120-4001002.
3) Tender Document Fee and EMD. is to be paid via Online E-payment Gateway mode only. EMD. Exemption Certificate shall not be considered. The information of E-payment Gateway is available on E-tendering website https://mahatenders.gov.in

Outward No. 5433 /Tender/2025/Dt. 03/10/2025

Sd/-
(Rushikant V Raut)
Executive Engineer,
Public Works Division No. 2,
Nagpur

आरओसी-2025-26/क्र.-5/C2965

**खबर संक्षेप**

## आईआईएचएल ने स्टर्लिंग बैंक का किया पूर्ण अधिग्रहण




**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल), मॉरीशस ने बहामास स्थित स्टर्लिंग बैंक की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। आईआईएचएल ने एक बयान में कहा कि उसने स्टर्लिंग बैंक की शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी भी खरीद ली है जिससे यह बैंक अब उसके पूर्ण-स्वामित्व वाली इकाई बन गया है।

## केनरा एचएसबीसी लाइफ का आईपीओ 10 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 100-106 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। बीमा कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा, 2,516 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 अक्टूबर को खुलेगा और 14 अक्टूबर को संपन्न होगा।

### 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025' के छठे संस्करण में बोली वित्त मंत्री

# वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियां एआई के दुरुपयोग को रोकने पर ध्यान दें : सीतारमण

एजेंसी ⏭ मुंबई

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों को जोखिम प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि आज अपराधी भी कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने यहां 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025' के छठे संस्करण में कहा कि भारत में विभिन्न एआई उत्पादों एवं सेवाओं के लिए वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता है।

- कहा, आज अपराधी भी एआई का इस्तेमाल कर रहे

इस कार्यक्रम में सीतारमण ने 'गिफ्ट आईएफएससी' में विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरुआत की जो वास्तविक समय में निर्बाध लेनदेन की सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही यह नगदी प्रबंधन को बेहतर बनाएगी और अनुपालन सुनिश्चित करेगी। विदेशी मुद्रा लेनदेन वर्तमान में आमतौर पर 36 से 48 घंटों के अंतराल में पूरा हो पाता है।

**खास बातें**

- भारत में एआई उत्पादों एवं सेवाओं के लिए वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता
- सीतारमण ने 'गिफ्ट आईएफएससी' में विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरू



### हमारा एआई ढांचा भारतीय भाषाओं के संदर्भों में हो

वित्त मंत्री ने कहा, '' हमारा एआई ढांचा भारतीय भाषाओं, स्थानीय संदर्भों और बहुविध 'इंटरफेस' पर आधारित होना चाहिए ताकि इसे हमारे नागरिक व्यापक रूप से स्वीकार और इसका उपयोग कर सकें।'' मंत्री ने कहा कि एआई ढांचे में केंद्रित दृष्टिकोण भारत को 'ग्लोबल साउथ' के लिए एआई अग्रदूत बना सकता है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर कम विकसित देशों के लिए किया जाता है।

### गिफ्ट सिटी वित्तीय केंद्रों की सूची में शामिल

विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली के संचालन के साथ 'गिफ्ट सिटी' हांगकांग, टोक्यो, मनीला सहित कुछ अन्य चुनिंदा वित्तीय केंद्रों की सूची में शामिल हो गई है जिनके पास स्थानीय स्तर पर विदेशी मुद्रा लेनदेन को पूरा करने का बुनियादी ढांचा है। मंत्री ने इस मौके पर कहा कि भारत ऐसे एआई उत्पाद भी बना सकता है जो दुनिया भर में विविध उपयोग-परिस्थितियों के अनुकूल हों। यह एआई विचारों के विकास एवं परीक्षण के लिए एक प्रयोगशाला हो सकता है।

### एआई ने कामकाज के तरीके को बदल दिया

सीतारमण ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) ने वित्त और कामकाज करने के तरीके को बदल दिया है लेकिन इस प्रौद्योगिकी के कुछ नकारात्मक पहलू भी हैं। उन्होंने कहा, हालांकि एआई असाधारण संभावनाओं के द्वार खोलता है, हमें इसके अंधकारमय पक्ष का सामना करना होगा। नवाचार को शक्ति प्रदान करने वाले उन्हीं उपकरणों का उपयोग धोखे एवं धोखाधड़ी के लिए भी किया जा सकता है। मैं इसे व्यक्तिगत नहीं बना रही हूं, लेकिन मैं कह सकती हूं कि मैंने अपने कई 'डीपफेक' वीडियो देखे हैं जिन्हें ऑनलाइन प्रसारित किया जा रहा है...।

### अपराधी नकली वीडियो एआई से बना प्रभावित कर रहे

वित्त मंत्री ने कहा, '' यह इस बात को याद दिलाता है कि हमें अपनी सुरक्षा व्यवस्था को कितनी तेजी से मजबूत करना होगा।'' सीतारमण ने कहा कि धोखाधड़ी की नई पीढ़ी अब 'फायरवॉल' (सुरक्षा प्रणाली) तोड़ने के बारे में नहीं, बल्कि भरोसे को तोड़ने के बारे में है। उन्होंने कहा कि अपराधी आवाजों की नकल करने, नकली पहचान बनाने तथा असली दिखने वाली नकली वीडियो बनाने के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे लोगों को प्रभावित किया जा सकता है।

# अनिल अंबानी पर एसबीआई के आदेश को कोर्ट ने बरकरार रखा

एजेंसी ⏭ मुंबई



मुंबई उच्च न्यायालय ने उद्योगपति अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के खातों को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आदेश को बरकरार रखा है।

अदालत ने कहा कि एसबीआई का यह आदेश तर्कसंगत है और इसमें कोई कानूनी खामी नहीं है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने तीन अक्टूबर को एसबीआई के 13 जून, 2025 के आदेश को चुनौती देने वाली अंबानी की याचिका खारिज कर दी। इस फैसले की प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई। अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि अंबानी की यह दलील कि उन्हें व्यक्तिगत सुनवाई का मौका नहीं दिया गया और आवश्यक दस्तावेज नहीं उपलब्ध कराए गए, निराधार हैं। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मास्टर दिशानिर्देशों के तहत एसबीआई के इस आदेश के खिलाफ केवल लिखित आपत्ति दर्ज कराने का अधिकार है, व्यक्तिगत सुनवाई का नहीं। अदालत ने कहा कि अंबानी को जारी अंतिम नोटिस पर कोई जवाब न मिलने पर बैंक ने इस खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किया है। इसके अलावा अदालत ने कहा कि अंबानी ने इस मामले में बैंक से व्यक्तिगत सुनवाई का कभी भी अनुरोध नहीं किया। अदालत ने कहा कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत हर स्थिति में कठोर रूप से लागू नहीं होते हैं और इस मामले में अंबानी को अपनी आपत्तियां लिखित रूप में रखने का पर्याप्त अवसर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि जब किसी कंपनी का खाता धोखाधड़ी के रूप में घोषित होता है, तो उसके प्रवर्तक एवं निदेशक भी उत्तरदायी होते हैं।

- अदालत ने कहा, एसबीआई का आदेश तर्कसंगत

### रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शर्तों का उल्लंघन किया

एसबीआई ने अदालत में कहा कि रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुरूप इस मामले में व्यक्तिगत सुनवाई आवश्यक नहीं थी। बैंक का आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने अपने ऋण की शर्तों का उल्लंघन करते हुए धन का दुरुपयोग किया। एसबीआई ने दावा किया है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस और अंबानी द्वारा धन का दुरुपयोग किए जाने से 2,929.05 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

# नवरात्रि में वाहनों की खुदरा बिक्री 35 प्रतिशत बढ़ी: फाडा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री इस साल नौ दिन की नवरात्र अवधि में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़ी जिससे पिछले महीने कुल पंजीकरण में छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वाहन डीलर के संगठन फाडा ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

- सितंबर में बिक्री में छह प्रतिशत की वृद्धि

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, सितंबर महीने के पहले 21 दिन में बिक्री धीमी रही और 22 सितंबर को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के बाद इसमें तेजी आई। नवरात्रि के दौरान यात्री वाहन की कुल खुदरा बिक्री 2,17,744 इकाई रही जबकि पिछले वर्ष नवरात्रि अवधि में यह 1,61,443 इकाई रही थी। वाहन डीलर के संगठन के अनुसार, इस उच्च बिक्री के कारण सितंबर में यात्री वाहन खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 2,82,945 इकाई से छह प्रतिशत बढ़कर 2,99,369 इकाई हो गई। 22 सितंबर के बाद नई जीएसटी दर लागू होने के बाद कीमतों में कटौती की उम्मीद कर रहे ग्राहकों ने महीने के पहले हिस्से में खरीदारी नहीं की। फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने बयान में कहा, '' देश के मोटर वाहन खुदरा उद्योग के लिए सितंबर 2025 एक असाधारण रूप से अनूठा महीना था। पहले तीन सप्ताह काफी हद तक शांत रहे क्योंकि ग्राहक जीएसटी 2.0 सुधारों की प्रत्याशा में पीछे हट गए।



### वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में तीन फीसदी की वृद्धि

नवरात्रि के दौरान 46,204 इकाइयों की खुदरा बिक्री हुई जो पिछले साल की समान अवधि की 37,097 इकाइयों की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्यिक वाहनों की पिछले महीने बिक्री तीन प्रतिशत बढ़कर 72,124 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 70,254 इकाई थी। नवरात्रि के दौरान इस खंड में बिक्री सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 33,856 इकाई हो गई।

## देश का कोयला निर्यात चालू वित्त वर्ष में 23 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का कोयला निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 23.4 प्रतिशत बढ़कर 19.08 लाख टन रहा। सरकार जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोल) की बढ़ती वैश्विक मांग का लाभ उठाने के लिए कोयला निर्यात को बढ़ावा दे रही है। इस लिहाज से यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़े अस्थायी हैं। देश का कोयला निर्यात 2023-24 में 15.46 लाख टन रहा था।

## डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे टूट 88.78 पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 88.78 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशों में डॉलर के मजबूत होने तथा निरंतर विदेशी पूंजी की बाजार से निकासी के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुटमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

हरिभूमि
छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773
विज्ञापन हेतु संपर्क करें -
9303508130, 9302016344, 7909631282

## आईसेक्ट की 'कौशल विकास यात्रा 2025' रायपुर से शुरु, युवाओं को मिलेगा एआई का प्रशिक्षण

**रायपुर।** देश की अग्रणी कौशल और उच्च शिक्षा संस्था आईसेक्ट ने 'कौशल विकास यात्रा 2025' का शुभारंभ रायपुर से किया। इस विशेष अभियान के तहत कौशल रथ का आगमन हुआ, जो अगले कुछ महीनों में 20 राज्यों के 300 से अधिक जिलों में 500 से ज्यादा स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचेगा। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों और शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और अन्य भविष्य की तकनीकों से परिचित कराना है। इस वर्ष की यात्रा का प्रमुख आकर्षण एआई लिटरेसी मिशन रहा। आईसेक्ट द्वारा विशेष रूप से निर्मित कौशल रथ के माध्यम से गांव-गांव और शहर-शहर में जाकर एआई, एआर/वीआर जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर आधारित जानकारी, डेमो, और प्रशिक्षण सामग्री प्रदान की जा रही है। इसके अंतर्गत निशुल्क सेमिनार, तकनीकी प्रदर्शन, करियर काउंसलिंग सत्र और वर्कशॉप आयोजित की जा रही हैं, जिनका लाभ लाखों छात्र-छात्राओं को मिलने की उम्मीद है। यात्रा के दौरान आईसेक्ट-एनएसडीसी साझेदारी में





चलाए जा रहे 250 से अधिक रोजगारोन्मुख कोर्सेस की भी जानकारी दी गई, जिनमें कंप्यूटर, आईटी, फ्यूचर स्किल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, बैंकिंग एवं फाइनेंस, शिक्षक प्रशिक्षण, कृषि, रिटेल जैसे क्षेत्र शामिल हैं। आईसेक्ट के प्रवक्ता डॉ देवव्रत दासगुप्ता ने बताया कि 'कौशल विकास यात्रा 2025' केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह भारत के युवाओं को नई तकनीकों से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

## 'चैतन्या बिजनेस पार्क' के लॉन्चिंग पर मिला शानदार रिस्पांस

**रायपुर।** डूमरतराई में 'चैतन्या बिजनेस पार्क' की ग्रैंड लॉन्चिंग धूमधाम से की गई। तीन दिवसीय लॉन्चिंग कार्यक्रम में प्रोजेक्ट को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। बड़ी संख्या में निवेशक और व्यवसायी प्रोजेक्ट साइट पर पहुंचे और साइट विजिट व बुकिंग की सुविधाओं का लाभ उठाया। तीन दिवसीय लॉन्च प्रोग्राम के अंतर्गत साइट विजिट, स्पॉट बुकिंग व ऑन-स्पॉट कंसल्टेशन जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है प्रोजेक्टः इस अवसर पर प्रमोटर एवं डेवलपर अशोक खूबचंदानी ने बताया कि ग्राउंड प्लस 5 फ्लोर के इस प्रोजेक्ट में कुल 185 कमर्शियल प्रॉपर्टीज है। यहां ऑफिस स्पेस के साथ मल्टी लेवल पार्किंग, वॉशरूम, फायर फाइटिंग सिस्टम, 24x7 वाटर सप्लाई, लिफ्ट्स और सीसीटीवी निगरानी जैसी सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रोजेक्ट की प्रमुख खासियतों में



मल्टीलेवल इंटरकनेक्टेड पार्किंग, प्राइम लोकेशन, अनइंटरप्टेड पावर सप्लाई, कैफेटेरिया और गेमिंग जोन शामिल हैं, यहां का वातावरण व्यवसायिक गतिविधियों के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। निवेश के लिहाज से प्राइम लोकेशनः लोकेशन की बात करें तो चैतन्य बिजनेस पार्क की स्थिति भी निवेशकों के लिए फायदेमंद है। यह अटल एक्सप्रेस-वे से मात्र 1 मिनट, कमल विहार से 2 मिनट, स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट और रायपुर रेलवे स्टेशन से लगभग 15 मिनट की दूरी पर स्थित है। ऐसे में व्यापार के लिहाज से यह स्थान अत्यंत उपयुक्त है।

हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Gold Medalist, IUK) MD (Pathology, Utkal University)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG), F.M.A.S FRM (Gujarat University), DRM (Germany) स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
उपलब्ध विशेषताएं • पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • यौन रोग • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सिस्ट, सोनोग्राफी, • बांझपन का संपूर्ण इलाज • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

NMH निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

# पाकिस्तान के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

**महिला विश्व कप : आज दोपहर 3 बजे से एलिसा और फातिमा की टीमों में मुकाबला**

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने वाला ऑस्ट्रेलिया बुधवार को आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट में लय हासिल करने के लिए जूझ रही है।

■ टूर्नामेंट में 300 से अधिक का स्कोर बनाने वाली एकमात्र टीम ऑस्ट्रेलिया

इस वैश्विक प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया का शानदार प्रदर्शन अन्य टीम के प्रदर्शन से बिल्कुल अलग रहा है। एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम अब तक टूर्नामेंट में 300 से अधिक का स्कोर बनाने वाली एकमात्र टीम रही है और पिछले दो मैच में बांग्लादेश और भारत के खिलाफ कमजोर दिखे पाकिस्तान के खिलाफ एक और बड़ा स्कोर खड़ा कर सकती है। ऑस्ट्रेलिया ने 300 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन की आसान जीत दर्ज की थी।

### ऑस्ट्रेलिया की नजर आठवें विश्व कप खिताब पर टिकी

टीम की नजरें रिकॉर्ड में सुधार करने वाले आठवें विश्व कप खिताब पर टिकी हैं। हालांकि सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली, बेथ मूनी और एनाबेल सदरलैंड जैसी बल्लेबाज लड़खड़ा रही हैं लेकिन एश्ले गार्डनर ने इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में शानदार शतक जड़कर अंत में मुकाबला एकतरफा बना दिया। एनाबेल सदरलैंड की तेज गेंदबाजी और सोफी मोलिन्यु की स्पिन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गेंदबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और इंग्लैंड, भारत तथा दक्षिण अफ्रीका जैसी कड़ी टीमों से मुकाबला करने से पहले टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अपनी रणनीति को और मजबूत करने की कोशिश करेगी।



### टूर्नामेंट में अंतिम स्थान पर पाकिस्तान

बांग्लादेश और भारत के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान आठ टीम के टूर्नामेंट में अभी अंतिम स्थान पर है। हालांकि शनिवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ रद्द हुआ मैच ऑस्ट्रेलिया के लिए निराशाजनक रहा क्योंकि इसने टीम से दो अंक अर्जित करने और तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका छीन लिया। फातिमा सना की अगुआई वाली पाकिस्तान की टीम बांग्लादेश (सात विकेट से हार) और भारत (88 रन से हार) के खिलाफ मैच में खेल के सभी विभागों में कमजोर साबित हुई। टीम की बल्लेबाजी में गहराई की कमी और मध्यक्रम में अच्छे बल्लेबाजों की अनुपस्थिति के कारण पाकिस्तान टूर्नामेंट में अब तक दो मैच में 200 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया है। इन दो मैच में सिदरा अमीन, फातिमा सना और मुनीबा अली जैसी स्टार बल्लेबाज संघर्ष करती दिखीं।

### टीम इस प्रकार

**ऑस्ट्रेलियाः** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, एलेना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिन्यु, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगान शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल और जॉर्जिया वेयरहैम।

**पाकिस्तानः** फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, एयमान फातिमा, मुनीबा अली, नशरा संधू, नतालिया परवेज, ओमैमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमस, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज और सैयदा अरूब शाह।

## खबर संक्षेप



### न्यूयॉर्क स्क्वाश से बाहर हुए तीन भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार, वीर चोटरानी और रमित टंडन को न्यूयॉर्क में 74 हजार डॉलर इनामी पीएसए कांस्य प्रतियोगिता ओपन स्क्वाश क्लासिक के प्री क्वार्टर फाइनल में अपने-अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। गत राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 45वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार को मैक्सिको के चौथे वरीय लियोनल कार्डेनास के खिलाफ 7-11, 6-11, 4-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि आठवें वरीय टंडन को इंग्लैंड के एड्रियन वालेर के खिलाफ 11-6, 9-11, 8-11, 11-8, 7-11 से हार मिली। चोटरानी को फ्रांस के दूसरे वरीय विक्टर क्रोइन के खिलाफ 1-11, 8-11, 5-11 से हार का समना करना पड़ा।

### विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 16वें स्थान पर अजय बाबू

**फोर्डे।** राष्ट्रमंडल चैंपियन भारोत्तोलक अजय बाबू वल्लूरी विश्व चैंपियनशिप में पुरुष 79 किग्रा वर्ग में 16वें स्थान पर रहे, जिससे मीराबाई चानू के 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक के बाद भारतीय खिलाड़ी प्रभावित करने में नाकाम रहे। बीस साल के अजय ने कुल 323 किग्रा (146 किग्रा स्नैच और 177 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाया और 39 प्रतिभागियों के बीच 16वां स्थान हासिल किया। उन्होंने अगस्त में अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में उठाए कुल 335 किग्रा (152 किग्रा और 183 किग्रा) वजन से 12 किग्रा वजन कम उठाया।

### चंद्रशेखर-लारा को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

**मुंबई।** बीएस चंद्रशेखर और ब्रायन लारा को सीएट क्रिकेट रेटिंग पुरस्कारों के दौरान 'लाइफटाइम अचीवमेंट' सम्मान दिया गया जबकि भारत के संजू सैमसन और वरुण चक्रवर्ती ने क्रमशः वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज और गेंदबाज का पुरस्कार हासिल किया। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को कप्तान के रूप में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए एक विशेष स्मृति चिन्ह दिया गया, जबकि श्रेयस अय्यर को 50 ओवर की प्रतियोगिता में किसी भारतीय खिलाड़ी की ओर से सर्वाधिक रन बनाने के लिए स्मृति चिन्ह दिया गया। अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज इंग्लैंड के जो रूट ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर का पुरस्कार जीता।

**अंडर 19 दूसरा टेस्ट : हेनिल और खिलन ने चटकाए तीन-तीन विकेट**

# भारत की अनुशासित गेंदबाजी, नहीं टिके ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज, 135 रन पर सिमटी कंगारुओं की टीम

एजेंसी ▶▶| मैके

हेनिल पटेल और खिलन पटेल की अगुवाई में अनुशासित गेंदबाजी प्रदर्शन से भारत अंडर-19 टीम ने दूसरे युवा टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को 135 रनों पर ऑलआउट करने के बाद पहली पारी में 7 विकेट गंवाकर 9 रन की मामूली बढ़त हासिल कर ली। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल और बाएं हाथ के स्पिनर खिलन पटेल ने क्रमशः 21 और 23 रन देकर तीन-तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के बल्लेबाजों को परेशान किया, जिससे उनकी टीम 43.3 ओवर में सिमट गई। विकेटकीपर एलेक्स ली यंग ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा 66 रन (108 गेंदों में) बनाए। कप्तान विल मलाजचुक ने 10 और यश देशमुख ने 22 रन का योगदान दिया, जबकि अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में भी नहीं पहुंच पाए।



### ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब

*ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने सुबह के सत्र में 10वें ओवर तक 32 रन तक ही पांच विकेट गंवा दिए। यंग और देशमुख ने इसके बाद छठे विकेट के लिए 59 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को वापसी दिलाने की कोशिश की। यह साझेदारी खिलन की गेंद पर देशमुख के आउट होने से टूटी, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने 44 रन के अंदर आखिरी के पांच विकेट गंवा दिए। भारत के लिए तेज गेंदबाज उद्धव मोहन ने दो विकेट लिए जबकि दीपेश देवेंद्र को एक सफलता मिली।*

### भारत ने 41 रन पर गंवाए तीन विकेट

भारत ने दिन का खेल खत्म होने तक 40 ओवर में 144 रन तक सात विकेट गंवा दिए। स्टंप्स के समय हेनिल और दीपेश क्रमशः 22 और छह रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। भारत की भी शुरुआत खराब रही और टीम ने सातवें ओवर में 41 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। पिछले टेस्ट में 86 गेंद में 113 रन की पारी खेलने वाले प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी 14 गेंद में 20 रन बनाकर चार्ल्स लैचमंड की गेंद पर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया। पहले टेस्ट में 140 रन बनाने वाले वेदांत त्रिवेदी ने 44 गेंदों पर चार चौके की मदद से 25 रन बनाए।

### खिलन और हेनिल ने की 48 रन की साझेदारी

त्रिवेदी और राहुल कुमार (नौ रन) ने चौथे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन भारत अंडर-19 ने इसके बाद सिर्फ दो रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। खिलन और हेनिल ने सातवें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। शुरुआती दिन भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा 26 रन बनाने वाले खिलन दिन का खेल समाप्त होने से पहले आउट हुए।

**टीम का ऐलान**

# स्टार्क की टीम में वापसी, भारत के खिलाफ खेलेंगे वनडे सीरीज



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की 19 अक्टूबर से भारत के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैच की घरेलू श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई एकदिवसीय टीम में वापसी हुई है जबकि पैट कमिंस की अनुपस्थिति में मिचेल मार्श टीम की कप्तानी जारी रखेंगे।

पिछले महीने टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारुप से संन्यास लेने वाले स्टार्क वेस्टइंडीज के टेस्ट दौरे से लौटने के बाद अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर रहे थे। एशेज से पहले उनके काम के बोझ को सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया जा रहा है। उन्होंने पिछला एकदिवसीय मैच नवंबर 2024 में एडीलेड में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1-2 से मिली हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई एकदिवसीय टीम में शामिल किए गए चार खिलाड़ियों में से स्टार्क एक हैं। इसके अलावा पदार्पण का इंतजार कर रहे बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ, मैट शॉर्ट और मिच ओवेन को भी टीम में जगह मिली है। शॉर्ट पिछली श्रृंखला में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण नहीं खेल पाए थे और ओवेन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय चरण के दौरान कन्कशन (सिर में चोट लगने के कारण बेहोशी जैसी स्थिति) का शिकार हो गए थे।

### कमिंस की अनुपस्थिति में मार्श होंगे कैप्टन

कमिंस की अनुपस्थिति में मार्श एकदिवसीय टीम की कप्तानी जारी रखेंगे जो एशेज की तैयारी के लिए कमर की हड्डी में खिंचाव से उबर रहे हैं। चयनकर्ताओं ने अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के इरादे से शुरुआती दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए मार्श की अगुवाई में 14 सदस्यीय टीम का भी चयन किया है। एलेक्स कैरी पर्थ में होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह एडीलेड ओवल में क्वींसलैंड के खिलाफ शेफील्ड शील्ड के दूसरे दौर के मैच में खेलेंगे। वह न्यूजीलैंड दौरे के कारण शुरुआती मैच में नहीं खेल पाए थे।

### सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकित हुए 3 भारतीय

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के करिश्माई खिलाड़ी अभिषेक शर्मा, कुलदीप यादव (पुरुष वर्ग में) और स्मृति मंधाना (महिला वर्ग में) को सितंबर महीने के लिए 'आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। बाएं हाथ के टी20 विशेषज्ञ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने यूएई में खेले गए एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सात टी20 मैच में तीन अर्धशतक की मदद से 314 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 200 रहा और उन्हें इस टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस 25 साल के बल्लेबाज ने पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास की सर्वाधिक रेटिंग 931 अंक (बल्लेबाजी) भी हासिल की। कुलदीप ने एशिया कप में 6.27 की इकोनॉमी दर से गेंदबाजी करते हुए 17 विकेट चटकाए।

## इंग्लैंड ने बांग्लादेश को चार विकेट से दी मात, हिदर नाइट ने खेली जुझारू पारी



**गुवाहाटी।** महिला विश्व कप के आठवें मुकाबले में इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 4 विकेट से हरा दिया। बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में 179 के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने 46.1 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन बनाकर जीत हासिल की। 179 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही थी। टीम ने 29 के स्कोर तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों को खो दिया। इसके बाद हिदर नाइट और कप्तान नट सेवियर ब्रंट के बीच तीसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी हुई। ब्रंट 32 रन बनाकर आउट हुईं। ब्रंट का विकेट गिरने के बाद तीन विकेट लगातार गिरे। 103 के स्कोर पर इंग्लैंड ने अपने 6 विकेट गंवा दिए। इस समय लग रहा था कि बांग्लादेश इंग्लैंड पर अपनी पहली जीत दर्ज करते हुए बड़ा उलटफेर कर सकती है। लेकिन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आईं हिदर नाइट और चार्ली डिन ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल किया और 79 रन की नाबाद साझेदारी करते हुए टीम को 4 विकेट से जीत दिला दी। हिदर नाइट 111 गेंद पर 1 छक्का और 8 चौके की मदद से 79 और चार्ली डिन 56 गेंद पर 27 रन बनाकर नाबाद रहीं। फाहिमा खातून ने 3, मारूफा अख्तर ने 2, और संजीदा अख्तर मेघला ने 1 विकेट लिए।

### 30 साल बाद आमने-सामने होंगे आनंद-कास्परोव



**सेंट लुई।** पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और गैरी कास्परोव 30 साल बाद अपनी प्रतिद्वंद्विता को फिर जीवंत करेंगे जब वे 8 अक्टूबर से 'क्लच शतरंजः द लीजेंड्स टूर्नामेंट' में आमने-सामने होंगे। इस 12 बाजी वाले शतरंज मुकाबले की कुल इनामी राशि 1,44,000 डॉलर होगी और इसका आयोजन नवीनीकृत सेंट लुई शतरंज क्लब में किया जाएगा। वर्ष 1995 में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 107वीं मंजिल पर क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप मैच खेलने के बाद खेल के ये दो दिग्गज रैपिड एवं ब्लिट्ज प्रारूप में एक बार फिर आमने-सामने होंगे, जिसे हाल ही में फ्रीस्टाइल शतरंज का नाम दिया गया है।

### विश्व जूनियर बैडमिंटन में भारत ने श्रीलंका को हराया

**गुवाहाटी।** भारत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए को सुहानदिनाता कप के लिए बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की मिश्रित टीम स्पर्धा के ग्रुप एच में श्रीलंका को हराकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने की ओर कदम बढ़ाए। ग्रुप एच में शीर्ष पर रहने के प्रबल दावेदार और दूसरे वरीय भारत ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए श्रीलंका को 45-27, 45-21 से हराया। श्रीलंका ने सोमवार को करीबी मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को शिकस्त दी थी। अन्य शीर्ष देशों में 14 बार के चैंपियन चीन और पूर्व चैंपियन दक्षिण कोरिया ने अपने-अपने ग्रुप में दूसरी जीत दर्ज की जबकि फिलिपीन्स ने हांगकांग को 42-45, 45-28, 45-43 से हराकर उलटफेर किया।


न्यायालय कु. आकांक्षा बेक, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी, जिला - रायपुर (छ.ग.)

// नोटिस //

प्रोसेस क्रमांक- 251, प्रकरण क्र.- 39बी/2025
पेशी तारीख- 28.10.2025

पक्षकार का नाम- **एच.डी.एफ.सी. बैंक** ....वादी
विरूद्ध
**मनतू जगत** .......... प्रतिवादी

प्रति,
प्रतिवादी क्र. 1.- श्री मनतू जगत, पिता- श्री रूपसिंह जगत, 2.- श्रीमती लाया जगत, पति- श्री मनतू जगत, दोनों निवासी- सी-2, सेक्टर-7, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, जिला- रायपुर छ.ग.।

इस न्यायालय में वादी ने दावा वास्ते रकम वसूली कीमती 4,78,776/- रूपये के संबंध में वाद प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 28.10.2025 को दिन के 11:00 बजे होगी।

प्रतिवादी इसमें अपना हित जुडा हुआ महसूस करता है या समझता है, इस न्यायालय के समक्ष दिनांक **28.10.2025** को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सुनवाई में भाग ले सकता है, अन्यथा वादी के वाद पर न्यायालय अग्रिम कार्यवाही कर आवेदन का निराकरण कर देगी।

**नोटः-** यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हों तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी।

यह आज तारीख 25.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई हैं।

**स्थान- रायपुर**
**दिनांक - 25.09.2025**

कु. आकांक्षा बेक,
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी,
जिला- रायपुर (छ.ग.)
मुहर



श्री **Davara University**

Established under Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation) Act, 2005
NH-30, Naya Raipur (C.G.) 493661 Email : registrar@davarauniversity.in

**Ph.D. Admission Notification 2025–2026**

**Ph.D. Program (Full-Time/Part-Time)**

Shri Davara University, Naya Raipur (C.G.) invites applications for admission to its Doctoral Programmes for the academic year 2025–2026. As a visionary institution committed to academic excellence and societal advancement, SDU offers a dynamic research environment across diverse disciplines.

**Programmes Offered**
Ph.D. programmes are available in the following broad areas

| Faculty | Subject |
|---|---|
| Faculty of Science | Computer Science, Biotechnology, Botany, Zoology, Chemistry, Physics, Microbiology, Mathematics, Forensic Science, Yoga |
| Faculty of Arts | Hindi, English, Sociology, Political Science, Social Work, History, Geography, Education, Psychology, Economics, Yoga, Chhattisgarhi |
| Faculty of Management | Management |
| Faculty of Commerce | Commerce |
| Faculty of Library Science | Library Science |
| Faculty of law | Law |

**Note: - Registration Opens 08th October 2025 – 25th October 2025**

**Eligibility Criteria**
Master's degree or equivalent in relevant discipline with minimum 55% marks (50% for reserved categories). Candidates must qualify the DU Doctoral Entrance Test or hold a valid NET/JRF/GATE score

**Application Process**
- Apply online through the official Shri Davara University Website
- All applicants must fill out the application form and submit a non-refundable application fee of ₹2000.
- Upload required documents
- Shortlisted candidates will be notified via email

*For further details please refer Admission on website

Contact Information: - www.sdu.ac.in
Email : phd.cell@sdu.ac.in Contact: +91 9203404678, 9201826857

REGISTRAR



**SBI भारतीय स्टेट बैंक**
एच.एल.सी- अंचल कार्यालय, बैरन बाजार, रायपुर छ.ग. फोन- 0771-4040349, फैक्स- 0771-4040334

**नियम 8(1) कब्जा संबंधी नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणी / जमानतदारों को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे दर्शायी गयी है, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया। ऋणी द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतदद्वारा ऋणी / जमानतदारों को एवं जनसामान्य को सामान्य रूप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पतियों का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से ऋणी / जमानतदारों और जनसामान्य को एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित सम्पतियों से संबधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये भारतीय स्टेट बैंक की संबधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा।

*ऋणी / जमानतदारों का ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्तियों के मोचन (redeem) कराने के संबंध में उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।*

| क्र. | उधारकर्ता का नाम | मांग सूचना / कब्जे की तिथि | बकाया राशि | अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **उधारकर्ता- श्री वैभव अवधिया** पिता श्री मनीष अवधिया, **श्रीमती रोशनी अवधिया** पति श्री मनीष अवधिया एवं **श्री मनीष अवधिया** पिता श्री तुका राम अवधिया | (1) 21.07.2025 (2) 01.10.2025 | रू. 2860691.00/- +ब्याज एवं अन्य शुल्क | खसरा नं 213/1, आवासीय प्लॉट दो भागों में विभाजित हैं, एक भाग का क्षेत्रफल- 1500 वर्ग फुट है जिसके भूतल पर 726 वर्ग फुट पर साधारण स्तर का पक्का मकान बना हुआ एवं बाकी सामान्य व बाकी खुला है, मौजा ग्राम- पुरैना, प.ह नं-113, आर.एन.एम.-रायपुर-2, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.). (सेल डीड दिनांक 11/03/2002, पुस्तक क्रमांक अ-1, संख्या क्रमांक- 3344, खंड क्रमांक 26348, पृष्ठ क्रमांक 46 से 52 तक). सीमाएँ: उत्तर- राजेश भगवानी का मकान, पूर्व-रोड, दक्षिण - विक्रेता की संपत्ति, पश्चिम- अग्रवाल का मकान |

**यह सूचना अंग्रेजी भाषा में भी प्रकाशित की जा रही है। व्याख्या के किसी भी मामले में अंग्रेजी संस्करण अंतिम होगा।**

दिनांकः 01.10.2025, स्थान- रायपुर — प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**
क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर -10, भिलाई (छ.ग.) फोनः 0788-2261892, 2264992, ई-मेलः recovery.durg@bankofbaroda.com

**सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत 60 दिनों की नोटिस का प्रकाशन**
(Publication in the Newspapers in case of return/failure of service of 60 day's Notice U/s.13 (2) of SARFAESI Act,2002)

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत निम्नलिखित ऋणकर्ताओं / गारंटरो को 60 दिनों के नोटिस, पंजीकृत डाक / पावती सहित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा जारी की हैं. लेकिन यह नोटिस डाक अधिकारियों द्वारा सुपूर्दगी प्राप्त करने में मना करने / गलत पते / व्यक्ति द्वारा स्थान शहर छोड़े जाने आदि कारणों से लौटा दी गई हैं. इन ऋणकर्ताओं / गारंटरो ने, अपनी निम्नलिखित चल / अचल संपत्तियों को, बैंक द्वारा ऋणकर्ता(ओं) को दी जाने वाली विभिन्न ऋण सुविधाओं को प्राप्त करने के एवज में दृष्टि बंधक / बंधक रखा हैं. बैंक की देय राशि के भुगतान न करने तथा ऋण की नियम एवं शर्तो को पूरा न करने के कारण ऋणकर्ता(ओं) / गारंटर(रों) द्वारा बैंक के ऋण एवं ब्याज के भुगतान में चूक किये जाने के कारण, खाता, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानुसार एनपीए हो गया हैं। उपर्युक्त को देखते हुए, निम्नलिखित ऋणकर्ता(ओं) / गारंटर(रों) को बैंक द्वारा निम्नलिखित देय के ब्याज सहित भुगतान हेतु 60 दिनों का नोटिस जारी किया गया हैं, जिससे चूकने पर बैंक बिना न्यायालय या ट्रिब्यूनल के हस्तक्षेप के, अधिनियम के चैप्टर ||| के अंतर्गत एक या अनेक साधनों द्वारा प्रतिभूति हित लागू करने हेतु बाध्य होगा. ऋणकर्ता(ओं) / गारंटर(रों) को इस नोटिस द्वारा यह भी सूचित किया जाता हैं कि वे, अधिनियम की धारा 13(13) की शर्तो के अनुरुप, बैंक की सहमति के बिना बैंक को प्रभारित प्रतिभूत आस्तियों में से किसी को भी बिक्री / पट्टे या किसी अन्य द्वारा (सामान्य व्यवसाय के अलावा) ट्रांसफर नहीं करेंगे. ऋणकर्ता(ओं) / गारंटर(रों) तथा प्रतिभूत आस्तियों के विवरण नीचे दिए गए हैं जिनके विरूद्ध बैंक 60 दिनों के बाद कार्रवाई प्रारंभ करेगा, यदि उनके द्वारा देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता हैं.

| क्र. | शाखा का नाम और फोन नं. | उधारकर्ता का नाम और पता | बकाया राशि डिमांड नोटिस के अनुसार | (एनपीए दिनांकः 29.07.2025) (नोटिस दिनांकः 18.09.2025) सुरक्षित संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 01 | स्टेशन रोड शाखा राजनांदगांव 7879038235 | श्रीमती सीमा महार मकान नं.- 779, वार्ड नं. 43, संजय नगर, राजनांदगांव, छ.ग.- 491441 श्री आकाशप्रिया घनश्याम मकान नं.- 779, वार्ड नं. 43, संजय नगर, राजनांदगांव, छ.ग.- 491441 | रु. 15,08,655.07 + अप्रयुक्त ब्याज + अन्य प्रभार | साम्यिक बंधक प्लाट एवं निर्माण से संबंधित खसरा नं. - 253/49 (खसरा नं.-253/1 का भाग) क्षेत्रफल- 800 वर्गफीट स्थित ग्राम - लखोली, प.ह.नं.- 27/29, तहसील एवं जिला - राजनांदगांव, छ.ग. - 491441 हैं जो श्रीमती सीमा महार के नाम पर हैं. संपत्ति की सीमाएं: पूर्व- रोड, पश्चिम- समाज की भूमि का संतुलन, उत्तर- नवल जैन की भूमि, दक्षिण- नरेन्द्र वाजपेयी की भूमि. |

दिनांकः 08.10.2025, स्थानः भिलाई, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com